भा र ती य कु ण्ड ली वि ज्ञा न

कुण्डली विज्ञान पर प्रामाणिक हिन्दी ज्यौतिषशास्त्र

वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, बडौदा विश्वविद्यालय, बडौदा, हिन्दी विश्वविद्यालय, प्रयाग, लालबहादुर संस्कृत विद्यापीठ, दिल्ली, भारतीय विद्या भवन बम्बई, त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडु नेपाल, प्रभृति शिक्षा संस्थाओं की आचार्यादि परीक्षाओं के लिए स्वीकृत

लेखक

स्व० (श्री) मीठालाल हिंमतराम ओझा

सिद्धान्त एवं फलित ज्यौतिषाचार्य, साहित्यरत्न गणकरत्न, पुराणतीर्थ, काव्यतीर्थ, ज्योतिषतीर्थ (सम्मान में) पोस्टाचार्य (रीसर्च स्कालर) एम. ए. संस्कृत

भू. पू. प्राध्यापक

वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

मुद्रण संपादक

मुकुन्द जोशी, बी. काम., सिद्धान्तफलितज्यौतिषाचार्य

प्रकाशक व पुस्तक प्राप्तिस्थान
देवर्षि ओझा
डी. ३/४०, मीरघाट
वाराणसी–२२१००१, उ. प्र.

संवत् २०३९
ई सन् १९८२

तृतीयावृत्ति

मूल्य अजिल्द ३५.००
„ सजिल्द ५०.००

मुद्रक :—
डीलक्स आफसेट प्रिंटर्स
न्यू दिल्ली–११००३५

नो संक्षिप्तं न च बहु वृथा विस्तरं शास्त्रतत्त्वम्

भूतल के मेरे ईश्वर


पूज्य पिता

के पुनीत चरणों में

जिनके तपःपूत जीवनादर्श ने

मुझे सरस्वती की आराधना के लिये प्रस्तुत किया।

स्व० पू० पिता



दैवज्ञ वर्य

श्री हिंमतराम नंदराम ओझा

अनुक्रमणिका

भारतीय कुण्डली विज्ञान भाग १

पञ्चाङ्ग प्रकरण

कुण्डली विधान प्रकरण

१—इस श्लोक की टीका की प्रथम पंक्ति में नीच शब्द के स्थान पर शत्रु शब्द का प्रयोग करें।

विदेश की कुण्डली का गणित

भारतीय कुण्डली विज्ञान भाग ३

वर्ष गणित साधन प्रकरण

भारतीय कुण्डली विज्ञान भाग ४



लेखक

स्व० मीठालाल हिंमतराम ओझा

* श्रीः *

भारतीय कुण्डली विज्ञान

भाग—१

पञ्चांग प्रकरण

पञ्चांग

चतुरंगबलो राजा जगतीं वशमानयेत् ।
अहं पंचांगबलवानाकाशं वशमानये ॥

इस प्रकरण में केवल जन्मादि कुंडलियों के उपयुक्त सामग्री का विवेचन किया जायगा। विस्तार के भय से विशेष विवेचन नहीं दिया गया है।

तिथिर्वासरनक्षत्रे योगः करणमेव च ।
इति पञ्चाङ्गमाख्यातं व्रतपर्वनिदर्शकम् ॥

पंचांग के तिथि, वार, नक्षत्र, योग तथा करण ये पांच अंग मुख्य होते हैं।

तिथि

तिथियां १५ होती हैं। जिनका नाम, प्रतिपद् १, द्वितीया २, तृतीया ३, चतुर्थी ४, पंचमी ५, षष्ठी ६, सप्तमी ७, अष्टमी ८, नवमी ९, दशमी १०, एकादशी ११, द्वादशी १२, त्रयोदशी १३, चतुर्दशी १४, पूर्णिमा १५। शुक्ल पक्ष की ये तिथियां हैं। और कृष्णपक्ष में भी यही नाम रहता है। केवल अन्तिम तिथि का नाम अमावास्या रहता है। जिसका संकेत पंचांग में ३० इससे किया जाता है।

तिथि का क्षय तथा वृद्धि

सूर्योदय के बाद किसी तिथि का प्रारंभ हो तथा दूसरे सूर्योदय के पहले उसका अन्त हो जाय, उसे क्षयतिथि कहते हैं। जैसे आगे दिए हुए पञ्चाङ्ग में

श्रावणकृष्ण ६ शनि घ. $\frac{१।२५}{५४।४४}$ इस प्रकार है। यहाँ यह ध्यान रखना चाहिये कि घ. १।२५ तक ६ तिथि है। और उसके बाद अर्थात् घ. १।२५ के बाद घ. ५४।४४ तक सप्तमी उसी दिन रही। सप्तमी सूर्योदय से कितने समय तक रही इसका ज्ञान अभीष्ट हो तो उस दिन के दोनों $\frac{१।२५}{५४।४४}$ मानों का योग करने से घ. ५६।९ तक सप्तमी समाप्त होगी। और उसके बाद उसी दिन अष्टमी का प्रारंभ घ. ५६।९ पर हुआ। अतः सप्तमी में सूर्योदय न होने के कारण सप्तमी क्षयतिथि हुई। वृद्धितिथि का उदाहरण पुस्तक में दिये हुए पञ्चाङ्ग में नहीं है। अतः कल्पना कर लिखा गया है। जैसे तिथि का क्षय तथा वृद्धि होती है वैसे ही नक्षत्र तथा योग का भी क्षय एवं वृद्धि होती है। पुस्तक में दिये हुए पञ्चाङ्ग में श्रावण कृष्ण १० मंगलवार के दिन भरणी $\frac{०।२१}{५५।४७}$ है। इसका अर्थ हुआ कि उस दिन भरणी सूर्योदय से घ. ०।२१ तक रहेगी। और कृत्तिका दोनों $\frac{०।२१}{५५।४७}$ मानों के योग ५६।८ तक रहेगी। इसके बाद रोहिणी का प्रारंभ उसी दिन हो जाता है। अतः कृत्तिका का क्षय माना जायगा। और नक्षत्र वृद्धि की कल्पना तिथिवृद्धि की तरह मान लेनी चाहिये।

इसी प्रकार योग का क्षय नवमी सोमवार के दिन हुआ है। उस दिन धृति योग घ. $\frac{०।३५}{५२।२७}$ है। अतः शूलयोग का क्षय पूर्ववत् जानना चाहिए। नक्षत्र एवं योग का विवेचन आगे दिया गया है।

दो सूर्योदय में एक तिथि रहे तो वह तिथि वृद्धितिथि कहलाती है। जैसे सोम के सूर्योदय के समय प्रतिपदा तथा मंगल के सूर्योदय में भी यदि प्रतिपदा ही हो तो उसे वृद्धितिथि कहते हैं।

नक्षत्र

नक्षत्र २७ होते हैं जिनके नाम तथा योनि इत्यादि कोष्टक में दिये गये हैं। सत्ताईस के अतिरिक्त अभिजित् नाम का नक्षत्र एक और रहता है। वह उत्तराषाढा की अन्तिम १५ घटी तथा श्रवण के आरंभ की ४ घटी के योग १९ घटी भोग का माना जाता है।

योग

योग २७ होते हैं। जिनका नाम नीचे दिया गया है।

१ विष्कुंभ	२ प्रीति	३ आयुष्मान्	४ सौभाग्य
५ शोभन	६ अतिगण्ड	७ सुकर्मा	८ धृति
९ शूल	१० गंड	११ वृद्धि	१२ ध्रुव

१३ व्याघात	१४ हर्षण	१५ वज्र	१६ सिद्धि
१७ व्यतिपात	१८ वरीयान्	१९ परिघ	२० शिव
२१ सिद्ध	२२ साध्य	२३ शुभ	२४ शुक्ल
२५ ब्रह्म	२६ ऐन्द्र	२७ वैधृति	

करण

एक तिथि में दो करण रहते हैं। करण चर तथा स्थिर दो प्रकार के होते हैं। चर करण सात हैं बव १, बालव २, कौलव ३, तैतिल ४, गर ५, वणिज ६, विष्टि ७। इनका प्रारंभ शुक्ल प्रतिपदा के उत्तरार्द्ध से होता है। और एक मास में इनकी ८ आवृत्तियां होती हैं। शकुनी, चतुष्पाद, नाग तथा किंस्तुघ्न ये चार स्थिर करण हैं। इनका प्रारंभ कृष्णपक्ष की १४ के उत्तरार्ध से होता है। अर्थात् चतुर्दशी के उत्तरार्ध में शकुनी, अमावास्या के पूर्वार्ध में चतुष्पाद, उत्तरार्ध में नाग तथा शुक्लपक्ष की प्रतिपदा के पूर्वार्ध में किंस्तुघ्न करण सदा नियत रहते हैं। अतः इनकी स्थिर संज्ञा है।

करण जानने के लिये कोष्टक

तिथि	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	३०
शुक्लपक्ष पूर्वार्ध	कि.	बा.	तै.	व.	ब.	कौ.	ग.	वि.	बा.	तै.	व.	ब.	कौ.	ग.	वि.	०
शुक्लपक्ष उत्तरार्ध	ब.	कौ.	ग.	वि.	बा.	तै.	व.	ब.	कौ.	ग.	वि.	बा.	तै.	व.	ब.	०
कृष्णपक्ष पूर्वार्ध	बा.	तै.	व.	ब.	कौ.	ग.	वि.	बा.	तै.	व.	ब.	कौ.	ग.	वि.	०	च.
कृष्णपक्ष उत्तरार्ध	कौ.	ग.	वि.	बा.	तै.	व.	ब.	कौ.	ग.	वि.	बा.	तै.	व.	श.	०	ना.

भद्राविचार

इस कोष्टक में जहाँ जहाँ विष्टि शब्द आया है। उससे उस तिथि के निर्दिष्ट भाग को भद्रा कहते हैं। जैसे शुक्ल पक्ष में ४, ११ और कृष्णपक्ष में ३, १० तिथियों के उत्तरार्द्ध में भद्रा रहती है। और शुक्लपक्ष में ८, १५ कृष्ण पक्ष में ७, १४ तिथियों के पूर्वार्ध में भद्रा रहती है। चन्द्रस्पष्टीकरण में भयात भभोग साधन का जैसा क्रम दिखाया है वैसे ही तिथि का मान भी निकाला जा सकता है। जैसे पुस्तक में दिये हुए पञ्चाङ्ग में कृष्णपक्ष की तृतीया के उत्तरार्ध में भद्रा रहती है। उसका प्रारंभ कब होगा? उसे जानना है। अतः द्वितीया के मान

घ. १४।४ को ६० में घटाकर शेष घ. ४५।५६ को तृतीया के मान घ. १२।३१ में जोड़ने से तृतीया का भोगकाल घ. ५८।२७ हुआ। इसके आधे घ. २९। १३।३० को द्वितीया के मान घ. १४।४ में जोड़ने से तृतीया का उत्तरार्ध घ. ४३।१७ के बाद प्रारंभ होता है। और उसी समय से भद्रा प्रारंभ होकर तृतीया की समाप्ति पर्यन्त रहेगी। इसी प्रकार अन्य भद्राओं को भी समझना चाहिये।

राशि

मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धन, मकर, कुंभ, मीन ये १२ राशियाँ होती हैं। प्रत्येक नक्षत्र के चार चरण होते हैं। वैसे ९ चरणों की एक राशि मानी जाती है। तदनुसार कोष्टक में निर्देश किया गया है।

जन्मनाम का विचार

नक्षत्र के चरणों के अक्षर कोष्ठक में दिये गये हैं। जातक का जन्म, नक्षत्र के जिस चरण में हो उस चरण का अक्षर जातक के नाम का प्रथम अक्षर मानकर नाम रक्खा जाता है। नक्षत्र के चरण का विचार चन्द्रस्पष्टीकरण में दिये गये भयात भभोग पर से समझना चाहिये। भभोग के चार भाग करने से एक चरण का मान होगा। उस पर से जन्म समय के नक्षत्र के चरण का ज्ञान हो जायगा। भयात में भभोग का चतुर्थांश जितनी बार घट जाय उतने चरण व्यतीत हुए। शेष से वर्तमान चरण समझना चाहिये। यथा प्रकृत उदाहरण में मृगशिर भोग घ. ५६।२० है। भयात घ. २५।४५ इसमें भभोग घ. ५६।२० का चतुर्थांश घ. १४।५ एक बार घटा। अतः मृगशिर नक्षत्र के दूसरे चरण में जन्म हुआ। मृगशिर नक्षत्र के दूसरे चरण का अक्षर 'वो' आता है। अतः जन्मनाम 'वो' अक्षर पर रखना चाहिये।

यदि किसी के जन्मनक्षत्रानुसार नाम का आदि अक्षर ङ, ञ, ण आता हो तो उनके स्थान पर क्रमशः ग, ज, ड अक्षर मानकर नाम रखना चाहिये। जैसे आर्द्रा नक्षत्र के तृतीय चरण में ङ अक्षर आता है। अतः आर्द्रा के तृतीय चरण में जन्म लेने वाले का नाम गणेश रखा जा सकता है।

जन्म नक्षत्र के अनुसार योनि गणादि का कोष्टक

चरणानुसार नक्षत्र के अक्षर	नक्षत्र	योनि	गण	युंजा	नाडी	राशि	स्वामी
चु.चे.चो.ला.	अश्विनी	अश्व	देव	पूर्व	आद्य	मेष	मं.
ली.लू.ले.लो.	भरणी	गज	मनुष्य	पूर्व	मध्य	मेष	मं.
आ.इ.उ.ए.	कृत्तिका	मेष	राक्षस	पूर्व	अंत्य	मेष१ वृ.३	मं.१ शु३
ओ.वा.वि.वु.	रोहिणी	सर्प	मनुष्य	पूर्व	अंत्य	वृषभ	शु.
वे.वो.का.की.	मृगशीर्ष	सर्प	देव	पूर्व	मध्य	वृ.२ मिथुन२	शु.२ बु.२
कु. घ. ङ. छ.	आर्द्रा	श्वान	मनुष्य	मध्य	आद्य	मिथुन	बु.
के.को.हा.ही.	पुनर्वसु	मार्जार	देव	मध्य	आद्य	मि. ३ क. १	बु.३चं.१
हु.हे.हो.डा.	पुष्य	मेष	देव	मध्य	मध्य	कर्क	चन्द्र
डी. डू.डे. डो.	आश्लेषा	मार्जार	राक्षस	मध्य	अंत्य	कर्क	चन्द्र
मा. मी.मु. मे.	मघा	मूषक	राक्षस	मध्य	अंत्य	सिंह	सूर्य
मो.टा.टी.टु.	पू. फा.	मूषक	मनुष्य	मध्य	मध्य	सिंह	सूर्य
टे.टो.पा.पी.	उ. फा.	गौ	मनुष्य	मध्य	आद्य	सिं.१कन्या३	सू.१ बु. ३
पू. ष. ण. ठ.	हस्त	महिषी	देव	मध्य	आद्य	कन्या	बु.
पे. पो. रा. री.	चित्रा	व्याघ्र	राक्षस	मध्य	मध्य	क.२ तुला.२	बु.२ शु.२
रु. रे. रो. ता.	स्वाती	महिषी	देव	मध्य	अंत्य	तुला	शुक्र
ती.तू. ते. तो.	विशाखा	व्याघ्र	राक्षस	मध्य	अंत्य	तु.३वृश्चिक१	शुक्र३ मं.१
ना.नी. नू. ने.	अनुराधा	मृग	देव	मध्य	मध्य	वृश्चिक	मंगल
नो.या. यी.यु.	ज्येष्ठा	मृग	राक्षस	अंत्य	आद्य	वृश्चिक	मंगल
ये.यो.भा.भी.	मूल	श्वान	राक्षस	अंत्य	आद्य	धन	गुरु
भू.धा.फा.ढा.	पू. षा.	कपि	मनुष्य	अंत्य	मध्य	धन	गुरु
भे.भो.जा.जी.	उ. षा.	नकुल	मनुष्य	अंत्य	अंत्य	धन१ मकर३	गुरु१श.३
जू.जे.जो.खा.	अभिजित	नकुल	मनुष्य	अंत्य	अंत्य		
खी.खू.खे.खो.	श्रवण	कपि	देव	अंत्य	अंत्य	मकर	शनि
गा.गी.गू.गे.	धनिष्ठा	सिंह	राक्षस	अंत्य	मध्य	म. २कुं.२	शनि
गो.सा.सी.सू.	शतभिषा	अश्व	राक्षस	अंत्य	आद्य	कुंभ	शनि
से.सो.दा.दि.	पू. भा.	सिंह	मनुष्य	अंत्य	आद्य	कुं.३ मी.१	श.३गु.१
दु. थ. झ.ञ.	उ. भा.	गौ	मनुष्य	अंत्य	मध्य	मीन	गुरु
दे.दो.चा.ची.	रेवती	गज	देव	पूर्व	अंत्य	मीन	गुरु

मेषादि राशियों के वर्णादि के साथ घातचक्र

राशि	मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धन	मकर	कुंभ	मीन
वर्ण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र	विप्र	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र	विप्र	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र	विप्र
वश्य	चतुष्पद	चतुष्पद	मानव	जलचर कीट	चतुष्पद	मानव	मानव	कीट सरीसृप	मानव. १५ चतु. १५	चतु १५ जल. १५	मनुष्य	जलचर
हंसक (तत्त्व)	अग्नि	भूमि	वायु	वारि	अग्नि	भूमि	वायु	वारि	अग्नि	भूमि	वायु	वारि
मास	कार्तिक	मार्ग	आषाढ़	पौष	ज्येष्ठ	भाद्रपद	माघ	आश्विन	श्रावण	वैशाख	चैत्र	फाल्गुन
तिथि	१-६-११	५-१०-१५	२-७-१२	२-७-१२	३-८-१३	५-१०-१५	४-९-१४	१-६-११	३-८-१३	४-९-१४	३-८-१३	५-१०-१५
वार	रवि	शनि	सोम	बुध	शनि	शनि	गुरु	शुक्र	शुक्र	भौम	गुरु	शुक्र
नक्षत्र	मघा	हस्त	स्वाति	अनु.	मूल	श्रवण	शतभिषा	रेवती	भरणी	रोहि.	आर्द्रा	आश्लेषा
योग	विष्कुम्भ	सुकर्मा	परिघ	व्याघात	धृति	शुभ	शुक्ल	व्यति.	वज्र	वैधृति	गंड	वज्र

मेषादि राशियों के वर्णादि के साथ घातचक्र

करण	बव	शकुनी	चतुष्पाद	नाग	बव	कौल्व	तैतिल	गर	तैतिल	शकुनी	वणिज	विष्टि
प्रहर	१	४	३	१	१	१	४	१	१	४	३	४
पु. घा. चं.	१	५	९	२	६	१०	३	७	४	८	११	१२
स्त्री. घ. चं.	१	८	७	९	४	३	६	२	१०	११	५	१२
संज्ञा	चर	स्थिर	द्वि स्व.	चर	स्थिर	द्विस्व.	चर	स्थिर	द्विस्व	चर	स्थिर	द्विस्व
पुं. स्त्री	पुं.	स्त्री	पुं	स्त्री	पुं	स्त्री	पुं	स्त्री	पुं	स्त्री	पुं	स्त्री

अ	क	च	ट	त	प	य	श	वर्गाक्षर
गरुड	मार्जार	सिंह	श्वान	सर्प	मूषक	मृग	मेष	वर्गस्वामी

वर्गविचार

जन्म का अक्षर जिस अकारादि वर्ग में पड़े उस पर से उसका स्वामी समझना चाहिए। यदि च अक्षर पर जन्म नाम है तो वर्गस्वामी सिंह होगा। 'र' अक्षर पर नाम रहने से उसका स्वामी मृग होगा। इसी प्रकार अन्यत्र भी समझना चाहिए। अपने से पंचम का वैर होता है यथा गरुड सर्प का, मार्जार मूषक का इत्यादि। और अपने से तीसरा सम होता है। यथा गरुड का सिंह सम हैं। तथा चतुर्थ मित्र होता है। यथा गरुड का श्वान मित्र है।

संवत्सर[1]

जन्म कुंडली के प्रारंभ में संवत्सर का निर्देश रहता है। एक संवत्सर एक वर्ष का माना जाता है। संहिता के विद्वान् गुरु की मध्यम राशि के भोग काल को संवत्सर कहते हैं। यह काल भी एक वर्ष का माना जाता है। संवत्सर ६० रहते हैं। जिनका नामोल्लेख नीचे किया गया है।

१ प्रभव	१६ चित्रभानु	३१ हेमलंबी	४६ परिधावी
२ विभव	१७ सुभानु	३२ विलंबी	४७ प्रमादी
३ शुक्ल	१८ तारण	३३ विकारी	४८ आनंद
४ प्रमोद	१९ पार्थिव	३४ शार्वरी	४९ राक्षस
५ प्रजापति	२० व्यय	३५ प्लव	५० अनल
६ अंगिरा	२१ सर्वजित्	३६ शुभकृत्	५१ पिंगल
७ श्रीमुख	२२ सर्वधारी	३७ शोभकृत्	५२ काल
८ भाव	२३ विरोधी	३८ क्रोधी	५३ सिद्धार्थी
९ युव	२४ विकृति	३९ विश्वावसु	५४ रौद्र
१० धाता	२५ खर	४० पराभव	५५ दुर्मति
११ ईश्वर	२६ नंदन	४१ प्लवंग	५६ दुंदुभी
१२ बहुधान्य	२७ विजय	४२ कीलक	५७ रुधिरोद्गारी
१३ प्रभाथि	२८ जय	४३ सौम्य	५८ रक्ताक्षी
१४ विक्रम	२९ मन्मथ	४४ साधारण	५९ क्रोधन
१५ वृष	३० दुर्मुख	४५ विरोधकृत्	६० क्षय

---

१ संवत्कालस्त्वङ्कयुतः कृत्वा शून्यरसैर्हृतः।
शेषः संवत्सरो ज्ञेयः प्रभवादिर्बुधैः क्रमात् ॥

विक्रम संवत् में ९ जोड़कर ६० से भाग दें। शेष में एक जोड़ने पर प्रभवादि संवत्सर होगा।

यथा वर्तमान संवत् १९७६ में ९ जोड़कर योग १९८५ में ६० का भाग देने से शेष ५ रहें। इनमें १ जोड़ने से प्रभवादि छठवाँ संवत्सर अङ्गिरा वर्तमान संवत्सर हुआ।

अयन

उत्तरायण तथा दक्षिणायन ये दो अयन होते हैं। मकरादि छ राशि में सूर्य उत्तरायण तथा कर्कादि छ राशि में सूर्य दक्षिणायन रहता है। अर्थात् मकरादि ६ राशि उत्तरायण तथा कर्कादि ६ राशि दक्षिणायन कहलाती हैं।

गोल

सूर्य के मेषादि ६ राशि में रहने से उत्तर गोल एवं तुलादि ६ राशि में रहने से दक्षिण गोल कहलाता है।

ऋतु

वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद्, हेमन्त तथा शिशिर ये ६ ऋतुएँ हैं। मीनादि दो २ राशि की ऋतु मानी जाती है। यथा मीन, मेष=वसंत। वृषभ, मिथुन=ग्रीष्म। कर्क, सिंह=वर्षा। कन्या, तुला=शरद्। वृश्चिक, धन=हेमन्त। मकर, कुम्भ=शिशिर।

मास

मास दो प्रकार के व्यवहार में आते हैं। सौर तथा चान्द्र। उनमें चान्द्र मास ही विशेष प्रचलित हैं। सूर्य की एक राशि के भोग काल को सौर मास कहते हैं। और अमावास्या से अमावास्या पर्यन्त के काल को चान्द्रमास कहते हैं। चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक मार्गशीर्ष, पौष, माघ, फाल्गुन ये १२ चान्द्रमास प्रसिद्ध हैं। सौर मास बङ्गाल, पंजाब, नेपाल आदि में प्रचलित हैं। और उनकी गणना मेषादि संक्रान्ति से वैशाखादि १२ मास के रूप में होती है। यथा मेष संक्रान्ति वैशाख मास, वृषभ संक्रान्ति ज्येष्ठमास इत्यादि।

पक्ष

पक्ष दो हैं। शुक्ल तथा कृष्ण। विंध्योत्तर प्रदेश में तथा राजस्थान में

कृष्ण पहले तथा बाद में शुक्ल पक्ष रहता है। इनसे भिन्न देशों में पहले शुक्ल और तदनन्तर कृष्ण पक्ष रहता है। अतः कृष्ण पक्ष में दोनों विभाग वालों के मास भिन्न रहते हैं। कृष्ण पक्ष पहले मानने वालों का मासारम्भ पहले होता है। और शुक्ल पक्ष पहले मानने वालों का मासारम्भ बाद में होता है।

शक, संबत्

भारत में विक्रम संवत् तथा शालीवाहन शक का विशेष प्रचार है। विक्रमादित्य राजा ने विक्रम संवत् का प्रारम्भ किया। और शालीवाहन ने शक का प्रारम्भ किया। इस समय संवत् २०११ तथा शक १८७६ है। शक से संवत् १३५ वर्ष पुराना है। व्यापारियों का संवत् दीपावली से प्रारम्भ होता है। दक्षिण भारत में प्रायः संवत् का प्रारम्भ कार्तिक से होता है। और शेष भारत में प्रायः चैत्र से संवत् का प्रारम्भ होता है। शक का प्रारम्भ सर्वत्र चैत्र से ही होता है। एक वर्ष के सावन दिन ३६५।१५।३०।२२।३० ये हैं।

भारत में विदेशी खिष्टीय सन्, हिजरी सन्, एजदी जर्द इत्यादि अनेक शक प्रचलित हैं।

खिष्टीय सन्:—

ईशु खिष्ट के जन्म से यह सन् प्रारम्भ होता है। यह संवत् से ५७ वर्ष बाद तथा शक से ७८ वर्ष पहले प्रारम्भ हुआ था। इसका प्रथम मास जनवरी से आरंभ होता है। इसके मास तथा दिन इस प्रकार है।

जनवरी ३१	अप्रैल ३०	जुलाई ३१	अक्तूबर ३१
फरवरी २८	मई ३१	अगस्त ३१	नवम्बर ३०
मार्च ३१	जून ३०	सितंबर ३०	दिसंबर ३१

जिस वर्ष सन् की संख्या में ४ का पूरा भाग लग जाय उस वर्ष फरवरी के २९ दिन रहते हैं। और उस वर्ष को लीप इयर कहते हैं।

हिजरी सन्—

मुहम्मद पैगम्बर ईस्वी सन् ६२२ जुलाई ता० १५ के दिन मक्के से मदीना भाग गये थे। उस दिन से इस सन् का प्रारम्भ हुआ। इसका प्रारम्भ मोहर्रम मास की पहली तारीख से होता है। इनका वर्ष चांद्रमास का माना जाता है। अमावास्या के बाद जिस दिन प्रथम चन्द्रदर्शन होता है। उस दिन को मास का प्रथम दिन माना जाता है। चन्द्रदर्शन रात को होता है। अतः वार का प्रारम्भ रात को होता है। अर्थात् हमारी सोम की रात्रि उनकी भौम की रात्रि मानी जाती है। दिन का व्यवहार प्रथम चन्द्र द्वितीय चन्द्र इत्यादि रूप से अथवा तारीख के नाम से किया जाता है। तिथियों के न्यूनाधिक होने पर मास के दिन न्यूनाधिक होते हैं। इनका वर्ष ३५४ दिन का होता है। यह वर्ष चान्द्र दिन का होने के कारण हर तीसरे वर्ष इनका मोहर्रम हमारे मास से एक मास पहले होता है। इस तरह ३२ वा ३३ वर्ष पर इनके सन् का एक अंक बढ़ता जाता है। इनके मासों के नामः—

१ मोहर्रम	४ रबिलाखर	७ रज्जब	१० सवाल
२ सफ्फर	५ जमादिलावर	८ सावान	११ जिल्काद
३ रबिलावल	६ जमादिलाखर	९ रमजान	१२ जिल्हेज

पारसी सन्—

एजदी अर्द (पारसी सन्) का प्रारम्भ ईस्वी सन् ६३० के अनन्तर आरंभ हुआ। इनके मास ३० सावन दिन के रहते हैं। अतः सौर वर्ष से सम्बन्ध रखने के लिये प्रति वर्ष के अन्त में ५ दिन अधिक मानते हैं। उन को गाथा-गंबर नाम से व्यवहार मे लेते हैं। मासों के नामः—

१ फरपर्दिन	४ तीर	७ मेहर	१० दय
२ आर्दीबेस्त	५ अमरदाद	८ आबान	११ बहमन
३ खोरदाद	६ शेहरेवर	९ आजूर	१२ इस्पिंदाद

राशियों के विदेशी भाषा में नाम

हिन्दी	अंग्रेजी	फारसी	अरबी	अंग्रेजी चिह्न
मेष	एरीस	बरे	हमल	♈
वृषभ	टॉर्स	गत्व	सौर	♉
मिथुन	जिमीनी	दोपेकर	ब्रोवझ	♊
कर्क	कॅनसर	खरचंग	सरतान	♋
सिंह	लीओ	शीर	अशद	♌
कन्या	वीर्गो	खुशे	सोमबोल	♍
तुला	लीब्रा	त्राजु	मीजान	♎
वृश्चिक	स्कॉरपीओ	कझदुम	अकरब	♏
धन	सॅगीटेरीस	कमान	कौश	♐
मकर	कॅपीकॉर्न	बोझ	जध्य	♑
कुंभ	एकवॉर्स	दुल	दल्व	♒
मीन	पीसीस	माही	हुत	♓

ग्रहों के विभिन्न भाषा में नाम

हिन्दी	अंग्रेजी चिह्न	अंग्रेजी नाम	फारसी	अरबी
सूर्य	☉	सन्	खोरशेद	शम्स
चन्द्र	☾	मुन	माह	कमर
मंगल	♂	मार्स	बेहराम	मरीक
बुध	☿	मरक्युरी	तीर	ओतारद
गुरु	♃	ज्युपीटर	अहुरमझद	मोशतरी
शुक्र	♀	वीनस	नाहीद	झोहरे
शनि	♄	सॅटर्न	केयवान	झोहल
राहु	☊	मुन्सनॉड		
केतु	☋	मुन्सटेल		
वरुण	♆	नेपच्युन		
प्रजापति	♅	हर्शल		
प्लुटो	P	प्लुटो		

दिनम्	श्रीसंवत् १९७६ शकः १८४१ श्रावण मास कृष्णपक्ष वर्षा ऋतु											सू.	इ.	पा.	फ.	सू. घं.	उ. मि.	सू. घं.	अ. मि.	चन्द्र	
३३ ४८	१	चं	१४	२३	उ	१५	२९	वि	३६	१७	कौ	१४	२३	३०	१४	१५	१	५	१४।	६	४५।।।		
४७	२	मं	१४	४	श्र	१६	५७	प्री	३६	१०	ग	१४	४	३१	१५	१६	२	५	१४।।	६	४५।।	कुं	४७।४ उ
४५	३	बु	१२	३१	ध	१७	११	आ	३२	३	वि	१२	३१	३२	१६	१७	३	५	१५	६	४५		
४३	४	गु	९	४५	श	१६	१७	सौ	२७	४	त्रा	९	४५	१	१७	१८	४	५	१५।	६	४४।।।	मी	५९।५३ उ
४२	५	शु	६	२	पू	१४	२५	शो	२१	२०	तै	६	२	२	१८	१९	५	५	१५।।	६	४४।।		
४०	६	श	१ ५४	२५ ४४	उ	११	४१	अगं	१४	५५	व	१	२५	३	१९	२०	६	५	१६	६	४४		
३८	८	सू	५०	२२	रे	८	१८	सु	७	५५	त्रा	२३	१५	४	२०	२१	७	५	१६।	६	४३।।।	मे	८।१८ उ
३६	९	चं	४४	१४	अ	४	२७	धृ	० ५२	५६ २७	तै	१७	१८	५	२१	२२	८	५	१६।।।	६	४३।		
३४	१०	मं	३७	५८	भ	० ५५	२१ ४७	गं	४५	२१	व	११	६	६	२२	२३	९	५	१७।	६	४२।।।	वृ	१४।१८ उ
३१	११	बु	३१	५३	रो	५२	५	वृ	३७	४९	बव	४	५५	७	२३	२४	१०	५	१७।।।	६	४२।		
२९	१२	गु	२६	१	मृ	४८	२५	ध्रु	३०	३२	तै	२६	१	८	२४	२५	११	५	१८।	६	४१।।।	मि	२०।१५ उ
२७	१३	शु	२०	४०	आ	४५	१६	व्या	२३	३५	व	२०	४०	९	२५	२६	१२	५	१८।।।	६	४१।		
२४	१४	श	१५	५७	पु	४२	५६	ह	१७	१४	श	१५	५७	१०	२६	२७	१३	५	१९।	६	४०।।।	क	२८।३१ उ
३३ २२	३०	सू	१२	४	पु	४१	२३	व	११	३३	ना	१२	४	११	२७	२८	१४	५	१९।।।	६	४०।		


जुलाई १९१९.

१५ पं० ८ रवौ मिश्रमानं ४७।२८

दिनमानम् ३३।३८

सू.	मं	बु	गु	शु	श	रा	के
३	२	३	३	४	४	७	१
३	१४	२८	४	१८	६	१०	१०
५९	५१	४८	५६	४	१७	२०	२०
५८	१६	३१	३९	५७	४१	२८	२८
५९	४०	३०	१३	४४	६	३	३
५८	२६	२२	५७	५२	५५	११	११

अस्त



अश्विनी आदि नक्षत्रों के चरणान्त में स्पष्ट चन्द्र

क्रम	नक्षत्र	१ चरण			२ चरण			३ चरण			४ चरण		
		रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.	रा.	अं.	क.
१	अश्विनी	०	३	२०	०	६	४०	०	१०	०	०	१३	२०
२	भरणी	०	१६	४०	०	२०	०	०	२३	२०	०	२६	४०
३	कृतिका	१	०	०	१	३	२०	१	६	४०	१	१०	०
४	रोहिणी	१	१३	२०	१	१६	४०	१	२०	०	१	२३	२०
५	मृगशीर्ष	१	२६	४०	२	०	०	२	३	२०	२	६	४०
६	आर्द्रा	२	१०	०	२	१३	२०	२	१६	४०	२	२०	०
७	पुनर्वसु	२	२३	२०	२	२६	४०	३	०	०	३	३	२०
८	पुष्य	३	६	४०	३	१०	०	३	१३	२०	३	१६	४०
९	आश्लेषा	३	२०	०	३	२३	२०	३	२६	४०	४	०	०
१०	मघा	४	३	२०	४	६	४०	४	१०	०	४	१३	२०
११	पू. फा.	४	१६	४०	४	२०	०	४	२३	२०	४	२६	४०
१२	उ. फा.	५	०	०	५	३	२०	५	६	४०	५	१०	०
१३	हस्त	५	१३	२०	५	१६	४०	५	२०	०	५	२३	२०
१४	चित्रा	५	२६	४०	६	०	०	६	३	२०	६	६	४०
१५	स्वाति	६	१०	०	६	१३	२०	६	१६	४०	६	२०	०
१६	विशाखा	६	२३	२०	६	२६	४०	७	०	०	७	३	२०
१७	अनुराधा	७	६	४०	७	१०	०	७	१३	२०	७	१६	४०
१८	ज्येष्ठा	७	२०	०	७	२३	२०	७	२६	४०	८	०	०
१९	मूल	८	३	२०	८	६	४०	८	१०	०	८	१३	२०
२०	पू. षा.	८	१६	४०	८	२०	०	८	२३	२०	८	२६	४०
२१	उ. षा.	९	०	०	९	३	२०	९	६	४०	९	१०	०
२२	श्रवण	९	१३	२०	९	१६	४०	९	२०	०	९	२३	२०
२३	धनिष्ठा	९	२६	४०	१०	०	०	१०	३	२०	१०	६	४०
२४	शतभिषा	१०	१०	०	१०	१३	२०	१०	१६	४०	१०	२०	०
२५	पू. भा.	१०	२३	२०	१०	२६	४०	११	०	०	११	३	२०
२६	उ. भा.	११	६	४०	११	१०	०	११	१३	२०	११	१६	४०
२७	रेवती	११	२०	०	११	२३	२०	११	२६	४०	१२	०	०

कुंडली विधान प्रकरण

अथ स्पष्टग्रहप्रयोजनम् :—

ज्योतिःशास्त्रफलं पुराणगणकैरादेश इत्युच्यते ।
नूनं लग्नबलाश्रितः पुनरयं तत्स्पष्टखेटाश्रयम् ॥ १ ॥

पुराण के विद्वान् ज्योतिः शास्त्र के फल को आदेश मानते हैं। यह आदेश स्पष्ट ग्रहों से संसाधित तथा सम्मिलित लग्न पर निर्भर है। अतः स्पष्ट ग्रह इस शास्त्र के मूलाधार हैं।

तत्रादौ चालनमाह

पंक्तिः स्वेष्टाद् भवेदग्रे पंक्त्यामिष्टं विशोधयेत् ।
तच्चालनमृणं ज्ञेयं व्यत्यये व्यत्ययं विदुः ॥ २ ॥

पंचाङ्ग के स्पष्ट ग्रहों को पंक्ति कहते हैं। जन्म समय से पंक्ति आगे हो तो पंक्ति के दिनादि (दिन, घटी, पल) में जन्म समय के दिनादि घटाने से शेष ऋण चालन होगा। और जन्म समय के दिनादि में पंक्ति के दिनादि घटाने से शेष धन चालन होगा।

वर्तमान समय में अधिकतर पंचांगों में दैनिक स्पष्ट ग्रह रहते हैं। ये सूर्योदय-कालिक वा मिश्रमान (अर्ध रात्रि के आसन्न) कालिक होते हैं। जन्मकाल जिस दिन की पंक्ति के समीप हो उस दिन की पंक्ति इष्ट काल के ग्रहसाधन में ग्रहण करनी चाहिये। इष्ट काल में पंक्ति का काल घटाने से धनचालन और पंक्ति के काल में इष्ट काल घटाने से ऋणचालन होता है (जन्म समय से पंक्ति के समय तक के काल को चालन कहते हैं।) यदि पंक्ति के ग्रह साप्ताहिक वा पाक्षिक हैं तो रव्यादि क्रम से पंक्ति के वार की संख्या तुल्य दिन होंगे। उदयकालिक पंक्ति के लिये यही दिनादि होगा। अन्यथा मिश्रमान के घटी पल, वार संख्या में जोड़ने से पंक्ति का दिनादि होगा। इसमें जन्म समय का दिनादि घटे तो ऋणचालन और जन्म के दिनादि में पंक्ति का दिनादि घटाने से धनचालन होगा।

उदाहरणः—श्रीसंवत् १९७६ शक १८४१ श्रावणमासे कृष्णपक्षे १२ तिथौ गुरुवासरे मध्याह्नसमये स्टॉ. टा. १६ अर्बुदारण्यस्थग्रामे श्रीमतां जन्म ।

इष्टकाल साधन[1]

जन्मपत्रिका का गणित करने के पूर्व भारतीय परंपरा में इष्टकाल की प्रथम आवश्यकता पड़ती है। अतः इष्टकाल साधनक्रम प्रथम दिखाया जा रहा है। जन्मस्थान का सूर्योदय एवं जिस नगर का पञ्चाङ्ग है वहाँ से जन्मस्थान तक के स्पष्ट देशान्तर का साधन दूसरे भाग में यथास्थान दिखाया जायगा। यहाँ केवल सूर्योदय पर से इष्टकाल का साधन किया जायगा।

सूर्योदय से लेकर जन्म समय तक के घटी पलात्मक समय को इष्टकाल कहते हैं। अतः सूर्योदय से लेकर जन्म समय तक के घण्टे मिनट को २॥ से गुणने पर इष्टकाल बनता है। इसके साधन की सरलता के लिये नीचे लिखे कुछ विशेष नियम ध्यान में रखने चाहिये। सूर्योदय का समय स्टा. टा. में जान लेना चाहिये। क्योंकि आजकल घड़ियों में स्टॅण्डर्ड समय (रेल्वे) चलता है। और लोग उसी समय का प्रयोग करते हैं।

(१) दिन में घं. १२।५९ तक में जन्म हो तो जन्म समय में सूर्योदय का समय घटायें।

१—इष्टकाल साधन एवं ग्रहस्पष्टीकरण के पूर्व इनसे सम्बन्धित परिभाषा जानना आवश्यक है। अतः उनकी परिभाषायें नीचे दी जाती हैं।

समय परिभाषा	राशि अंशादि परिभाषा
६० विपल = १ पल	१ राशि = ३० अंश
६० पल = १ घटी	१ अंश = ६० कला
६० घटी = १ दिन	१ कला = ६० विकला
२४ घंटे = १ दिन	१ विकला = ६० प्रतिविकला
२४ घंटे = ६० घटी	यदि राशि स्थान में १२ से अधिक हो तो
१ घंटा = २॥ घटी	उसमें १२ घटाकर शेष को राशि समझें।
१ मिनिट = २॥ पल	१२ राशि का भगण होता है। उसका
१ सेकंड = २॥ विपल	उपयोग व्यवहार में नहीं होता है।

(२) दिन के १ बजे से रात के घं. १२।५९ तक में जन्म हों तो जन्म समय में १२ घण्टे और रात के १ बजे से दूसरे दिन के सूर्योदय के पहले जन्म हो तो २४ घण्टे जोड़कर योग में सूर्योदय घटाकर शेष घण्टे मिनिट् को २॥ से गुणने पर इष्टकाल होगा। यहाँ सूर्योदय तथा जन्म समय दोनों स्टॉ. टा. में हों अथवा स्थानीय (लोकल) समय के होने चाहिये।

उदाहरणः—हमारा जन्म समय मध्याह्न में स्टॉ. टा. १।६ है। अतः उपर लिखे (२) नियमानुसार

घं. १।६	घं. १३।६ ज, स.	घं. ६।३६
+घं. १२	—घं. ६।३० सूर्योदय	× २॥
घं. १३।६	घं. ६।३६ शेष	घटी १६।३० इष्टकाल

यदि जन्म समय प्रातः ११।२० माना जाय तब (१) नियमानुसार—

११।२० ज. स	घं ४ ।५०
६।३० सू. उ	× २॥
४।५० शेष	१२ ।५ इष्टकाल

यदि जन्म समय रात्रि में ६।४५ माना जाय तब (२) नियमानुसार—

६।४५	२१।४५ ज. स.	१५।१५
+१२। ०	— ६।३० सू. उ.	× २॥
२१।४५	१५।१५ शेष	३८।७। ३० इष्टकाल

यदि जन्म समय रात्रि में १।२५ माना जाय तो (२) नियमानुसारः—

१।२५	२५।२५ ज. स.	१८।५५
+२४।०	— ६।३० सू. उ.	× २॥
२५।२५	१८।५५ शेप	४७।१७।३० इष्टकाल

अथ इष्टकालिकग्रहसाधनम्

गतैष्यदिवसाद्येन गतिर्निघ्नी खषड्हृता।
लब्धमंशादिना शोध्यं योज्यं स्पष्टो भवेद्ग्रहः ॥

पूर्वोक्त चालन को दैनिक ग्रहगति से गुणा कर ६० का भाग देने से लब्ध फल अंश कला विकलादि होगा। चालन के दिनादि रहने से लब्ध फल अंशादि होगा। अन्यथा केवल घटी पल रहने से लब्ध फल कला, विकलादि रहेगा। इस लब्ध फल को ऋण चालन हो तो पंक्ति के ग्रह में घटाने से और धन चालन हो तो जोड़ने से इष्ट काल का स्पष्टग्रह होता है। यह फल संस्कार का क्रम मार्गी

ग्रह के लिए है। वक्री ग्रह तथा राहु केतु के लिए पूर्वोक्त फल संस्कार विपरीत करना चाहिये। अर्थात् धन चालन हो तो फल घटाने से तथा ऋण चालन हो तो फल जोड़ने से इष्ट काल के ग्रह स्पष्ट होंगे। राहु से केतु सदा ६ राशि के अन्तर पर रहता है। अतः स्पष्ट राहु में ६ राशि जोड़ने से केतु होता है। चन्द्रसाधन का प्रकार भिन्न है। वह आगे दिया जायगा।

ग्रहस्पष्टीकरण

इसके लिये पहले चालन का साधन करना आवश्यक रहता है जिसके साधन का प्रकार पहले दिया गया है। यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि ग्रहसाधन के लिये इष्टकाल पञ्चाङ्ग जिस नगर का है उसी नगर का लेना होगा। इसका विवेचन द्वितीय भाग में किया गया है। यदि पंचाङ्ग जन्म स्थान का ही है तब इष्टकाल में कोई संस्कार नहीं करना पड़ता। पंचाङ्ग एवं जन्म स्थान भिन्न भिन्न स्थान के हों तो जन्म स्थान के इष्टकाल को पंचाङ्ग के नगर का (संस्कार द्वारा) बना लेना चाहिये। संस्कार का विवेचन भाग २ में देखें। पूर्वदर्शित नियमानुसार चालन तथा स्पष्टग्रह साधनः—

चालनसाधन

१६।३० जन्म स्थान का इष्टकाल	५।१७।५० जन्मकाल के वारादि
+ १।२० काशी से जन्मस्थान का स्पष्ट देशान्तर	−१।४७।२८ पंक्तिके वारादि
१७।५० काशी का इष्टकाल	३।३०।२२ चालन दिनादि

अथ सूर्यसाधन

३।३०।२२ चालन	१८४८	२९१२	६०)१२३२(२०
×५६।५६ रविगति	+४८	+२०	१२००
१६८।१६८०।१२३२।	६०)१८९६(३१	६०)२९३२(४८	३२
१६८।१६८०।१२३२	१८०	२४०	
१६८।१८४८।२९१२।१२३२	९६	५३२	
+३१	६०	४८०	
६०)१९९(३	३६	५२	
१८०			
१९			

लब्धफल अंशादि ३।१९।३६ यहां चौथा अंक ५२ है। यह ३० से अधिक होने से "अर्धाधिके रूपं ग्राह्यं" नियमानुसार १ अंक लेने से लब्धि ४८ के बदले ४९ लेनी चाहिये। तदनुसार

लब्ध फल अंशादि ३।१९।३७ को चालन धन रहने से पंक्तिस्थ-सूर्य में जोड़ा गया तब स्पष्टसूर्य हुआ।

३।३।५९।५८ पंक्ति का सूर्य
+ ३।१९।३७ धन चालन फल
३।७।१९।३५ स्पष्ट सूर्य

भौमस्पष्टीकरण

३।३०।२२ चालन	१२७८	१६६०	६०)५७२(९
× ४०।२६ भौमगति	+२८	+९	५४०
१२०।१२००। ८८०।	६०)१३०६(२१	३०)१६६९(२७	३२
७८। ७८०।५७२	१२०	१२०	
१२०।१२७८।१६६०।५७२	१०६	४६९	
५१	६०	४२०	
६०)१४१(२	४६	४९	
१२८		२।१४।५१।१४ पंक्तिस्थ मंगल	
२१		+ २।२१।४६ चालन फल	
२।२१।४६ चालनफल अंशादि		२।१७।१३। ० स्पष्ट भौम	

बुधस्पष्टीकरण

३।३०।२२ चालन दिनादि	९६६	१३२०	६०)४८४(८
× ३०।२२ बुधगति	+२२	+८	४८०
९०।९००।६६०।	६०)९८८(१६	६०)१३२८(२२	४
६६।६६०।४८४	६०	१२०	
९०।९६६।१३२०।४८४	३८८	१२८	
१६	३६०	१२०	
६०)१०६(१	२८	८	
६०	१।४६।२८ अंशादि चालन फल	३।२९।४८।३१ पंक्तिस्थ बुध	
४६		+ १।४६।२८ चालन फल	
		४। १।३४।५९ स्पष्ट बुध	

गुरुस्पष्टीकरण

३।३०।२२ चालन
+ १३।५७ गुरुगति

३६।३६०। २८६। ११४
१७१।१७१०।११४×

३६।५६१।१९९६।१२५४
+६
६०)४८(०
४८

अंशादि चालन ०।४८।५८

५६१
+३४
६०)५९५(९
५४०
५५

१९९६
+२१
६०)२०१७(३३
१८०
२१७
१८०
३७

६०)१२५४(२१
१२०
५४

३।४।५६।३९ पंक्तिस्थ गुरु
+ ०।४८।५५ चालन फल
३।५।४५।३४ स्पष्ट गुरु

शुक्रस्पष्टीकरण

३।३०।२२ चालन
+ ४४।५२ शुक्रगति

१३२।१३२०। ९६८। ४४
१५६।१५६०।११०×

१३२।१४७६।२५२८।११४४
+२५
६०)१५७(२
१२०
३७

अंशादि चालन २।३७।१८

१४७६
+४२
६०)१५१८(२५
१२०
३१८
३००
१८

२५२८
+१९
६०)२५४७(४२
२४०
१४७
१२०
२७

६०)११४४(१९
६०
५४४
५४०
४

४।१८।४।५७ पंक्तिस्थ शुक्र
+ २।३७।१८ चालन फल
४।२०।४२।१५ स्पष्टशुक्र

शनिस्पष्टीकरण

३।३०।२२ चालन
× ६।५५ शनिगति

१८।१८०। १३२
१६५।१६५०।१२१०

१८।३४५।१७८२।१२१०
+६
६०)२४(०
२४

अंशादि चालन ०।२४।१५

३४५
+३०
६०)३७५(६
३६०
१५

१७८२
+२०
६०)१८०२(३०
१८०
२

६०)१२१०(२०
१२०
१०

४।६।१७।४१ पंक्तिस्थ शनि
+ ०।२४।१५ चालन फल
४।६।४१।५६ स्पष्ट शनि

राहुस्पष्टीकरण

३।३०।२२ चालन   १२३   ३६६   ६०)२४२(४
× ३।११ राहुगति   +७   +४   २४०
९।९०। ६६| ६०) १३०(२   ६०)४००(६   २
३३।३३०|२४२   १२०   ३६०
९।१२३।३६६।२४२   १०   ४०
+२
६०)११(०   अंशादि चालन ०।११।१०   ७।१०।२०।२८ पंक्तिस्थ राहु
११   ग्रहों से विपरी राहु में   – ०।११।१० चालन फल
संस्कार किया जाता है।   ७।१०। ९।१८ स्पष्ट राहु

राहु में ६ राशि जोड़ने से सदा केतु स्पष्ट माना जाता है। राशि स्थान १२ से अधिक होने पर उसमें से १२ राशि घटा देने पर शेष को उस ग्रह की राशि माननी चाहिये।

७।१०।९।१८ स्पस्ट राहु
+६।
१३।१०।९।१८ स्पष्ट केतु
–१२।
१।१०।९।१८ स्पष्ट केतु

यह धन चालन का ग्रहस्पष्टीकरण का उदाहरण दिखाया गया है। अब ऋण चालन का एक उदाहरण दिखाया जाता है। कल्पना किया कि किसी का जन्म श्रावण कृष्ण ५ गुरुवार के दिन सूर्योदयात् इष्टघटी २७।१८ पर है। पहले लिखे हुए नियमानुसार चालन तथा ग्रह साधन।

१।४७।२८ पंक्ति के वारादि
—५।२७।१८ जन्म के वारादि
३।२०।१० चालन दिनादि

३।२०।१० चालन दिनादि   १२८८   १६८०   ६०)५६०(९
×५९।५६ रवि गति   +२८   +९   ५४०
१६८।११२०। ५६०| ६०)१३१६(२१   ६०)१६८९(२८   २०
१६८।११२०|५६०   १२०   १२०
१६८।१२८८।१६८०।५६०   ११६   ४८९
+२१   ६०   ४८०
६०)१८९(३   अंशादिचालन ३।९।५६   ५६   ९
१८०   ३।३।५९।५८ पंक्ति का रवि
९   —३। ९।५६ ऋण चालन फल
३।०।५०। २ स्पष्ट रवि

इस प्रकार अन्यग्रहों का साधन करना चाहिये। अर्थात् पंक्तिस्थ ग्रह में चाल्न फल घटाने से स्पष्ट ग्रह होगा। राहु में चाल्नफल जोड़ने से स्पष्ट राहु होगा।

आजकल प्रतिदिन के स्पष्टग्रह पञ्चाङ्गों में दिए जाते हैं। वे सूर्योदयकालिक, मिश्रमान कालिक एवं प्रातःकाल स्टॉ. टा. ५।३० के दिए जाते हैं। इनके साधन का एक एक कल्पित उदाहरण नीचे दिया जाता है। कल्पना किया कि श्रावण कृष्णपक्ष ८ रविवार के दिन किसी का जन्म सूर्योदय से इष्टघटी १७।१८ पर है। सूर्योदय कालिक पंक्ति पर से ग्रहस्पष्टीकरण में इसी को चाल्न मानकर गणित किया। यहाँ यह ध्यान रखना चाहिए कि चालन घट्यादि होने से चाल्न फल कलादि होगा। पहले चाल्न वारादि (दिनादि) था। अब घट्यादि है। अतः चाल्नफल कलादि होगा।

१७।१८ चाल्न घटी	९५२	१९६०	६०)१००८(१६
×५६।५६ रविगति	+३३	+१७	६०
९५२।१००८।	६०)९८५(१६	६०)१९७७(३२	४०८
९५२।१००८	६०	१८०	३६०
९५२।१९६०।१००८	३८५	१७७	४८
१६।२५ कलादिचाल्नफल	३६०	१२०	
	२५	५७	

३।३।१३।३० सूर्योदय कालिक कल्पित रवि
+ १६।२५ चाल्न फल
३।३।२९।५५ स्पष्ट रवि

इसी प्रकार अन्य ग्रहों को स्पष्ट करना चाहिए। राहु में फल ऋण होगा।

मिश्रमान कालिक ग्रह स्पष्टीकरण का उदाहरण :—

४७।२८ मिश्रमान घटी
−१७।१८ इष्ट घटी
३०।१० चाल्न घटी

३०।१० चाल्न घटी	१६८०	२२४०	६०)५६०(९
×५६।५६ रवि गति	+३७	+९	५४०
१६८०। ५६०।	६०)१७१७(२८	६०)२२४९(३७	२०
१६८०।५६०	१२०	१८०	
१६८०।२२४०।५६०	५१७	४४९	
	४८०	४२०	
	३७	२९	

३।३।५९।५८ मिश्रमानकालिकरवि
– २८।३७ चालन फल कलादि
३।३।३१।२१ स्पष्ट रवि

यहाँ इष्टकाल मिश्रमानकाल से पूर्व का है। अतः ऋणचालन हुआ। यदि इष्टकाल मिश्रमान काल के बाद का हो तो धनचालन होगा। जैसे इष्टघटी ५०।३०। इसमें मिश्रमान ४७।२८ घटाने से चालन घटी ३।२ हुई। इस पर से ग्रह स्पष्टीकरण पहले के जैसा किया :—

३।२ चालन घटी
×५९।५९ रविगति
१६८।११२
१६८।११२
१६८।२८०।११२

१६८ +५ ६०)१७३(२ १२० ५३

२८० +२ ६०)२८२(४ २४० ४२

६०)११२(१ ६० ५२

२।५३ चालन फल कलादि

३।३।५९।५८ मिश्रमान कालिक रवि
+ २।५३ चालन फल
३।४। २।५१ स्पष्ट रवि

यदि प्रतिदिन के ग्रह प्रातःकाल स्टॉ. टा. ५।३० के हैं तो जन्म समय में ५।३० घटा कर शेष को २॥ से गुणकर घटी पल बना लें। और उसे चालन घटी मानकर ग्रहस्पष्ट करना चाहिए। जन्म समय दिन में स्टॉ. टा. १।६ है। इसमें ५।३० घटाने से शेष इष्टकाल बनाने के (२) नियमानुसार लिया :—

१।६
+१२
१३।६ जन्म समय
–५।३०
७।३६

७।३६
×२।३०
१४ | ७२ |
  | २१० | १०८०
१४|२८२|१०८०
+५
१९

२८२ +१८ ६०)३००(५ ३०० ०

६०)१०८०(१८ ६० ४८० ४८० ०

चालन घटी १९।० हुई।

१९।० चालन घटी
×५९।५९ रविगति
११४ | ० |
९५× | ११४ | ०
  | ९५× |
१०६४|१०६४ |०

१०६४ +१८ ६०)१०८२(१८ ६० ४८२ ४८० २

६०)१०६४(१७ १०२० ४४

१८।२ चालनफल कलादि

कल्पना किया कि प्रातः स्टॉ. टा. ५।३० का स्पष्ट सूर्य ३।३।६।४० है। इसमें चालन फल जोड़ने से इष्टकालिक स्पष्ट रवि होगा। जैसे :—

३।३।६।४० प्रातः काल का रवि
+ १८।२ चालनफल
३।३।२७।४२ स्पष्ट रवि

ग्रह स्पष्टीकरण में अनेक भिन्न भिन्न परिस्थितियाँ रहती हैं। परन्तु चन्द्र के स्पष्ट करने में विशेष भेद नहीं है। दो प्रकार इस पुस्तक में दिये जायेंगे। परिस्थिति के अनुसार ग्रह स्पष्ट करना चाहिये।

इसी प्रकार परिस्थिति के अनुसार अन्य ग्रहों को स्पष्ट करना चाहिये। यदि **हर्षल नेप्च्यून** तथा **प्लुटो** आदि आधुनिकग्रहों का साधन करना अभीष्ट हो तो भौमादि ग्रहों की तरह करना चाहिये।

चन्द्रसाधनार्थं भयातभभोगानयनमाह :—

/ गतर्क्षनाडी खरसेषु शुद्ध्वा सूर्योदयादिष्टघटीषु युक्ता।
भयातसंज्ञा भवतीह तस्य निजर्क्षनाड्यासहितो भभोगः ॥ ४ ॥

गत नक्षत्र की घटी पल को ६० में घटा कर शेष में इष्ट घटी जोड़ने से भयात [1]होता है। और शेष में जन्म नक्षत्र की घटी फल जोड़ने से भभोग होता है।

१—भयात और भभोग साधन में विशेष—

जिस नक्षत्र में जन्म होता है उसे जन्मनक्षत्र कहते हैं।

जन्म नक्षत्र के आरम्भ काल से जन्म काल तक की गत घटीपल को भयात कहते हैं। और जन्म नक्षत्र के आरंभ काल से अन्त तक की घटीपल को भभोग कहते हैं। यदि सूर्योदय में भिन्न नक्षत्र हो और जन्म समय में भिन्न नक्षत्र हो तब इष्ट काल में सूर्योदय कालिक नक्षत्र की घटी पल घटाने से शेष भयात होगा। और सूर्योदय कालिक नक्षत्र को ६० में घटा कर शेष को दूसरे दिन के नक्षत्र की घटी पल में जोड़ने से भभोग होगा।

यदि इसी दिन इष्ट घ. ५०।० मानी जाय तब उस दिन के मृगशिर भोग ४८।२५ को नये इष्ट में घटाने से आर्द्रा जन्म का भयात १।३५ हुआ। और आर्द्रा जन्म नक्षत्र माना जायगा। भभोग साधन के लिये मृगशिर के मान घ. ४८।२५ को घ. ६० में घटाकर शेष घ. ११।३५ को दूसरे दिन के आर्द्रा के मान घ. ४५।१६ में जोड़ने से आर्द्रा का भभोग घ. ५६।५१ होगा। नक्षत्र आदि का मान १३ पृष्ठस्थ पञ्चाङ्ग में देखें।

क्रमांक १ चन्द्र स्पष्ट सारिणी

सर्वर्क्ष	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५४	५४	५४
	०	६	९	१३	१६	२०	२३	२७	३०	३४	३८	४१	४५	४८	५२	५६	५९	३	७	१०
गति	१५	१५	१५	१५	१५	१५	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४
	५	४	३	२	१	०	५९	५८	५७	५६	५५	५४	५३	५२	५१	५०	४९	४८	४७	४६
सर्वर्क्ष	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५४	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५५
	१४	१८	२१	२५	२९	३२	३७	४०	४४	४८	५१	५५	५९	३	६	११	१४	१७	२१	२५
गति	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४
	४५	४४	४३	४२	४१	४०	३९	३८	३७	३६	३५	३४	३३	३२	३१	३०	२९	२८	२७	२६
सर्वर्क्ष	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५६
	२९	३३	३६	४०	४४	४८	५२	५६	०	४	८	१२	१६	२०	२४	२८	३२	३६	४०	४४
गति	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४
	२५	२४	२३	२२	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१५	१४	१३	१२	११	१०	९	८	७	६
सर्वर्क्ष	५६	५६	५६	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५८	५८
	४८	५२	५६	०	४	८	१२	१६	२०	२४	२८	३२	३६	४१	४५	५०	५४	५८	२	६
गति	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३
	५	४	३	२	१	०	५९	५८	५७	५६	५५	५४	५३	५२	५१	५०	४९	४८	४७	४६
सर्वर्क्ष	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५९	५९	५९	५९	५९	५९	५९	५९
	११	१५	१९	२३	२८	३२	३६	४०	४५	४९	५४	५८	३	७	११	१६	२०	२४	२९	३३
गति	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३
	४५	४४	४३	४२	४१	४०	३९	३८	३७	३६	३५	३४	३३	३२	३१	३०	२९	२८	२७	२६
सर्वर्क्ष	५९	५९	५९	५९	५९	६०	६०	६०	६०	६०	६०	६०	६०	६०	६०	६०	६०	६०	६०	६१
	३८	४२	४७	५१	५५	०	४	९	१३	१८	२२	२७	३१	३६	४१	४६	५०	५५	५९	४
गति	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३
	२५	२४	२३	२२	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१५	१४	१३	१२	११	१०	९	८	७	६
सर्वर्क्ष	६१	६१	६१	६१	६१	६१	६१	६१	६१	६१	६१	६२	६२	६२	६२	६२	६२	६२	६२	६२
	८	१३	१७	२२	२७	३२	३७	४१	४६	५१	५६	१	६	१०	१५	२०	२५	३०	३५	३९
गति	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२
	५	४	३	२	१	०	५९	५८	५७	५६	५५	५४	५३	५२	५१	५०	४९	४८	४७	४६
सर्वर्क्ष	६२	६२	६२	६२	६३	६३	६३	६३	६३	६३	६३	६३	६३	६३	६३	६४	६४	६४	६४	६४
	४४	४९	५४	५९	४	९	१४	१९	२४	२९	३४	३९	४४	४९	५४	०	५	१०	१५	२०
गति	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२
	४५	४४	४३	४२	४१	४०	३९	३८	३७	३६	३५	३४	३३	३२	३१	३०	२९	२८	२७	२६
सर्वर्क्ष	६४	६४	६४	६४	६४	६४	६४	६५	६५	६५	६५	६५	६५	६५	६५	६५	६५	६५	६६	६६
	२६	३१	३६	४१	४६	५२	५७	३	८	१३	१८	२४	२९	३४	४०	४५	५१	५६	१	७
गति	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	+
	२५	२४	२३	२२	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१५	१४	१३	१२	११	१०	९	८	७	६
सर्वर्क्ष	६६	६६	६६	६६	६६	६६	६६	६६	६६	६७	६७	६७	६७	६७	६७	६७	६७	६७	६८	+
	१२	१८	२३	२९	३४	४०	४६	५२	५९	५	११	१८	२३	३०	३७	४३	५०	५७	३	+
गति	१२	१२	१२	१२	१२	१२	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	+
	५	४	३	२	१	०	५९	५८	५७	५६	५५	५४	५३	५२	५१	५०	४९	४८	४७	

क्रमांक २ चन्द्र स्पष्ट साधक सारिणी

अ	भ	कृ	रो	मृ	आ	पु	पु	श्ले	म	पू	उ	ह	चि	स्वा	वि	अ	ज्ये	मू	पू	उ	श्र	ध	श	पू	उ	रे
०	०	१	१	२	२	३	३	४	४	४	५	५	६	६	७	७	८	८	८	९	९	१०	१०	११	११	११
०	१३	२६	१०	२३	६	२०	३	१६	०	१३	२६	१०	२३	६	२०	३	१६	०	१३	२६।१०	१०	२३	६	२०	३	१६
०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४०	०	२०	४००	०	२०	४०	०	२०	४०
०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०

चन्द्र स्पष्ट सारणी विधि — भयात भभोगकर्तव्यता– ६०।० में से गत नक्षत्र के घटीपल घटा देवें तथा वर्त्तमान नक्षत्र के घटी पल जोड़ देवें, यह भभोग होगा, तथा ६०।० में से घटाये अंकों के घटीपलों में इष्ट घटिका जोड़ें तो भयात होगा। भभोग के घटीपल अंकों को चन्द्र स्पष्ट सारिणी क्रम १ में देखें, उसमें भभोग घटी पल अङ्क तुल्य या समकक्ष अङ्क के नीचे जो गति है, उससे भयात घटीपलों में गुणा करें, ६० के भाग से अंशात्मक ३ अङ्क लेवें, इनको गत नक्षत्र सारणी (चन्द्र स्पष्ट सारणी क्रम २) के अङ्कों में जोड़ देवें तो स्पष्ट चन्द्रमा होगा। गति स्पष्ट विधि– चन्द्र स्पष्ट सारणी क्रम १ से प्राप्त जो गति है उसकी केवल कला को ६० से गुणा कर गुणनफल में गति के विकलाङ्क जोड़ देवें, यह चन्द्र स्पष्ट गति मध्यम मानेन स्पष्ट रहेगी। उदाहरण यथा– भयात ११।३ भभोग ६५।५२ समीपस्थ कोष्टाङ्क ६५।५२ के नीचे गति १२।९ को और भयात को गुणा किया गुणनफल ६० से भाग देकर ३।४८।२७ मिले, इनको गत नक्षत्र विशाखा के कोष्ठाङ्क में जोड़ा ७।३।२०।० में युक्त किया तो ७।७।८।२७ स्पष्ट चन्द्र आया। गति १२–९ केवल कला १२ को ६० से गुणित कर ७२० हुआ विकला ९ युक्त किया तो ७२९।० हेतु गति आ गई। गणितागत एवं सारणी सिद्ध में विशेष अन्तरांश नहीं होने से जन्मपत्रादि हेतु यह सामग्री बहुत उपयुक्त तथा शीघ्र ही कार्य करने में सक्षम है, अब चन्द्र स्पष्टता हेतु श्रम [illegible] की आवश्यकता नहीं। हमारे निर्णयसागरीय पंचांग अनुग्राहकों हेतु यह सुलभ गणित चमत्कार प्रस्तुत है, समय-समय पर अन्य भाग भी उपस्थित होंगे।

कल्पना किया कि प्रातः स्टॉ. टा. ५।३० का स्पष्ट सूर्य ३।३।६।४० है। इसमें चालन फल जोड़ने से इष्टकालिक स्पष्ट रवि होगा। जैसे :—

३।३।६।४० प्रातः काल का रवि
+ १८।२ चालनफल
३।३।२७।४२ स्पष्ट रवि

ग्रह स्पष्टीकरण में अनेक भिन्न भिन्न परिस्थितियाँ रहती हैं। परन्तु चन्द्र के स्पष्ट करने में विशेष भेद नहीं है। दो प्रकार इस पुस्तक में दिये जायेंगे। परिस्थिति के अनुसार ग्रह स्पष्ट करना चाहिये।

इसी प्रकार परिस्थिति के अनुसार अन्य ग्रहों को स्पष्ट करना चाहिये। यदि हर्षल नेप्च्यून तथा प्लुटो आदि आधुनिकग्रहों का साधन करना अभीष्ट हो तो भौमादि ग्रहों की तरह करना चाहिये।

चन्द्रसाधनार्थं भयातभभोगानयनमाह :—

/ गतर्क्षनाडी खरसेषु शुद्ध्वा सूर्योदयादिष्टघटीषु युक्ता।
भयातसंज्ञा भवतीह तस्य निजर्क्षनाड्यासहितो भभोगः ॥ ४ ॥

गत नक्षत्र की घटी पल को ६० में घटा कर शेष में इष्ट घटी जोड़ने से भयात होता है। और शेष में जन्म नक्षत्र की घटी फल जोड़ने से भभोग होता है।

१—भयात और भभोग साधन में विशेष—

जिस नक्षत्र में जन्म होता है उसे जन्मनक्षत्र कहते हैं।

जन्म नक्षत्र के आरम्भ काल से जन्म काल तक की गत घटीपल को भयात कहते हैं। और जन्म नक्षत्र के आरंभ काल से अन्त तक की घटीपल को भभोग कहते हैं। यदि सूर्योदय में भिन्न नक्षत्र हो और जन्म समय में भिन्न नक्षत्र हो तब इष्ट काल में सूर्योदय कालिक नक्षत्र की घटी पल घटाने से शेष भयात होगा। और सूर्योदय कालिक नक्षत्र को ६० में घटा कर शेष को दूसरे दिन के नक्षत्र की घटी पल में जोड़ने से भभोग होगा।

यदि इसी दिन इष्ट घ. ५०।० मानी जाय तब उस दिन के मृगशिर भोग ४८।२५ को नये इष्ट में घटाने से आर्द्रा जन्म का भयात १।३५ हुआ। और आर्द्रा जन्म नक्षत्र माना जायगा। भभोग साधन के लिये मृगशिर के मान घ. ४८।२५ को घ. ६० में घटाकर शेष घ. ११।३५ को दूसरे दिन के आर्द्रा के मान घ. ४५।१६ में जोड़ने से आर्द्रा का भभोग घ. ५६।५१ होगा। नक्षत्र आदि का मान १२ पृष्ठस्थ पञ्चाङ्ग में देखें।

जन्म नक्षत्र मृगशीर्ष घ. ४८।२५ गत नक्षत्र रोहिणी घ. ५२।५ ॥६०—(५२।५) = ७।५५ । इष्ट घटी (१७।५०) + (७।५५) = २५।४५ भयात हुआ । (७।५५) + (४८।२५) = ५६।२० भभोग हुआ ।

अथ चन्द्रसाधनम् :—

खषड्घ्नं भयातं भभोगोद्धृतं तत्खतर्कघ्नधिष्ण्येषु युक्तं द्विनिघ्नम् ।
नवाप्तं शशी भागपूर्वस्तु भुक्तिः खखाभ्राष्टवेदा भभोगेन भक्ताः ॥

भयात को ६० से गुणा कर भभोग का भाग देने से लब्ध फल को ६० से गुणित गत नक्षत्र संख्या में जोड़ दें। और योगफल को २ से गुणकर ९ से भाग देने पर लब्ध फल अंशादि स्पष्टचन्द्र होगा। अंश में ३० का भाग देने से लब्ध राशि होगी और शेष अंश रहेंगे। ४८००० में भभोग का भाग देने से चन्द्र की स्पष्टा गति होगी।

भयात २५।४५ इसके पल=२५×६०+४५=१५४५॥१५४५×६०= ९२७०० । भभोग ५६।२० के पल=५६×६०+२०=३३६०+२०=३३८० ॥ ९२७०० इसमें ३३८० का भाग देने से लब्ध फल = २७।२५। अश्विनी से गत नक्षत्र संख्या=४॥४×६०=२४०॥२४०+(२७।२५)=२६७।२५॥ (२६७।२५) ×२=५३४।५०। इसमें ९ का भाग देने से अंशादि चन्द्र = ५९।२५।३३ अतः १।२९।२५।३३ यह स्पष्ट चन्द्र[1] हुआ।

१—चन्द्रस्पष्ट करने की भिन्न रीति :—

जन्मकालिक नक्षत्र के जितने चरण बीते हों उस पर से १४ पृष्ठस्थ कोष्टक से चन्द्र रख लें। वर्तमान चरण के पलों को २०० से गुणा कर भभोग पल के चतुर्थांश से भाग दें। फल कला विकला को कोष्टक से प्राप्त चन्द्र में जोड़ देने से चन्द्र होगा। मृगशिर भयात पल १५४५ भभोग पल चतुर्थांश= $\frac{३३८०}{४}$= ८४५। १५४५ – ८४५ = ७००। ७००×२०० = १४०००० इसमें ८४५ भभोगचतुर्थांश का भाग देने से फल कला १६५।४१ अतः अंशादि फल २।४५।४१ हुआ। यहाँ मृगशिर के भयात पल में भभोग चतुर्थांश एक बार घटने से जन्म नक्षत्र का १ चरण बीता। दूसरे चरण के अंशादि फल २।४५।४१ को मृगशिर के १ चरण से प्राप्त कोष्ठस्थ चन्द्र १।२६।४०।० में जोड़ने से स्पष्ट चन्द्र १।२९।२५।४१ हुआ।

भभोग पलात्मक है। अतः ४८००० संख्या को भी पलात्मक बनाकर भाग देना चाहिये। इसलिये ४८०००×६० = २८८०००० इसमें भभोग का भाग देने से चन्द्र की स्पष्टगति होती है। अतः २८०००० इसमें ३३८० का भाग देने पर लब्ध कलादि स्पष्टचन्द्रगति कला ८५२।४

जन्म समय के स्पष्ट ग्रहः—

र.	चं.	मं	बु.	बृ.	शु.	श.	रा.	के.
३	१	२	४	३	४	४	७	१
७	२९	१७	१	५	२०	६	१०	१०
१९	२५	१३	३४	४५	४२	४१	९	९
३५	४१	०	५९	३४	१५	५६	१८	१८
५६	८५२	४०	३०	१३	४४	६	३	३
५६	४	२६	२२	५७	५२	५६	११	११

अयनांश

लग्न के स्पष्टीकरण में अयनांश तथा स्वदेशीय उदयमान की आवश्यकता रहती है। अतः प्रथम अयनांश साधन किया जाता है।

ग्रह 'लाघवोक्तायनांशानयनम् :—

वेदाब्ध्यब्ध्यूनः स्वरसहृतः शकोऽयनांशाः।

१—अयनांश साधन में मतभेद है। नवीन विद्वानों के मतानुसार अयनांश साधन का एक प्रकार यह है। वर्तमान शक में १८०० घटाकर शेष में एक जगह ७० से और दूसरी जगह ५० से भाग देकर अंशादि तथा कलादि क्रमशः दो फलों के अन्तर में २२।८।३३ अंशादि जोड़ने से वर्षारम्भ कालिक अयनांश होंगे। अयनांश की वार्षिक गति ५० विकला है। अतः स्पष्टसूर्य के राश्यादि से अनुपात द्वारा लब्ध फल को उसमें जोड़ने से इष्टकालिक अयनांश होंगे।

जन्म शक १८४१ − १८०० = ४१ इसमें ७० का भाग देने पर लब्ध अंशादि ०।३५।८ और ५० का भाग देने से लब्ध फल कलादि ०।४९।१२। (०।३५।८)−(०।०।४९) = ०।३४।१९ ॥ २२।८।३३ + ०।३४।१९=२२।४२।५२ वर्षारम्भ कालिक स्पष्टायनांश हुए। सरलता के लिये कोष्टक दिया गया है।

(१) मेषादिसंक्रान्ति के आरंभ में अयनांशचालन विकलादि

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.	मास गति
०	४	८	१२	१६	२०	२५	३०	३४	३८	४२	४६	४
०	१०	२०	३०	४०	५०	०	१०	२०	३०	४०	५०	१०

(२) अथ वर्षारम्भकालिका अयनांशाः

शक	अयनांश			शक	अयनांश			शक	अयनांश		
१८००	२२	८	३३	१८७४	२३	१०	३०	१८९५	२३	२८	६
१८१०	२२	१६	५५	१८७५	२३	११	२०	१८९६	२३	२८	५६
१८२०	२२	२५	१७	१८७६	२३	१२	१०	१८९७	२३	२९	४६
१८३०	२२	३३	४१	१८७७	२३	१३	०	१८९८	२३	३०	३७
१८३५	२२	३७	५०	१८७८	२३	१३	५०	१८९९	२३	३१	२७
१८४०	२२	४२	२	१८७९	२३	१४	५१	१९००	२३	३२	१७
१८४५	२२	४६	१३	१८८०	२३	१५	३१	१९०१	२३	३३	७
१८५०	२२	५०	२५	१८८१	२३	१६	२२	१९०२	२३	३३	५७
१८५२	२२	५२	५	१८८२	२३	१७	१२	१९०३	२३	३४	४७
१८५४	२२	५३	४६	१८८३	२३	१८	२	१९०४	२३	३५	३८
१८५६	२२	५५	२६	१८८४	२३	१८	५३	१९०५	२३	३६	२८
१८५८	२२	५७	६	१८८५	२३	१९	४३	१९०६	२३	३७	१८
१८६०	२२	५८	४७	१८८६	२३	२०	३३	१९०७	२३	३८	८
१८६२	२३	०	२७	१८८७	२३	२१	२३	१९०८	२३	३८	५९
१८६४	२३	२	८	१८८८	२३	२२	१३	१९०९	२३	३९	४९
१८६६	२३	३	४८	१८८९	२३	२३	४	१९१०	२३	४०	३९
१८६८	२३	५	२८	१८९०	२३	२३	५४	१९११	२३	४१	२९
१८७०	२३	७	९	१८९१	२३	२४	४४	१९१२	२३	४२	१९
१८७१	२३	७	५९	१८९२	२३	२५	३५	१९१३	२३	४३	१०
१८७२	२३	८	४९	१८९३	२३	२६	२५	१९१४	२३	४४	०
१८७३	२३	९	३९	१८९४	२३	२७	१५	१९१५	२३	४४	५०

(३) अभीष्ट शक के अयनांश लाने के लिये एकादि वर्षों की कलादि अयन गति :—

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	२०	३०	४०
०	१	२	३	४	५	५	६	७	८	१६	२५	३३
५०	४०	३१	२१	११	१	५२	४२	३२	२२	४५	७	२९

वर्तमान शक में ४४४ घटाकर ६० का भाग देने से लब्ध फल अयनांश होते हैं। इस अयनांश की वार्षिक गति ६० विकला मानी जाती है। अतः प्रति राशि में ५ विकला के हिसाब से इष्ट सूर्य की गत राशि अंश से लब्ध विकलादि फल को वर्षारम्भकालिक अयनांश में जोड़ने से इष्टकाल के स्पष्टायनांश होंगे।

जन्म शक १८४१ − ४४४ = १३९७ शेष में ६० का भाग देने से लब्ध अंशादि २३।१७। स्पष्ट सूर्य ३।७।।३×५=१५।। $\frac{५\times७}{३०}$ अंश से $\frac{७}{६}$=१|१ + १५ =१६ विकला प्राप्त हुई। अतः स्पष्टायनांश[1] २३।१७।१६ हुए हैं।

चरखण्डानयनम् :—

मेषादिगे सायनभागसूर्यं
दिनार्धभा या [1]पलभा भवेत् सा।
त्रिष्ठा हता स्युर्दशभिर्भुजंगै-
र्दिग्भिश्चराधनि गुणोद्धृताऽन्त्या॥

१—आधुनिक मत से स्पष्टायनांश साधन :—

कोष्टक (२) से शक १८४० के अयनांश २२।४२।२ एक वर्ष की गति कोष्टक (३) से विकला ५०। स्पष्ट सूर्य ३।७।१९।३५ है। अतः कर्क के आरंभ कालिक चालन कोष्टक (१) से विकला १२।३०। अनुपात से $\frac{(४।१०)(७।१९।३५)}{३०}$ = अंशादिसंबंधि फल विकला १। सब फलों का योग स्पष्टायनांश=(२२।४२।२) +(०।०।५०)+(०।०।१२)+(०।०।१)=२२।४३।३ हुए।

१—पलभा साधन सर्वानन्द करण में :—

अक्षांशस्पर्शरेखा को ३ से गुणकर २५०० का भाग देने से पलभा आती है। स्पर्शरेखा की सारिणी उसी ग्रंथ में दी हुई है। उसके अनुसार सिद्ध प्रत्येक अक्षांश की पलभा लग्नसारिणी के साथ दी गई है।

सायन मेष या तुला के प्रारम्भ के दिन मध्याह्न में १२ अंगुल शंकु की छाया को पलभा कहते हैं। उसे तीन स्थान में रखकर क्रमशः १०, ८, १० से गुणकर अन्त्य गुणनफल में ३ का भाग देने से इष्ट चरखण्ड होंगे।

स्वदेशीय पलभा ५।३० ॥ (५।३०) × १० = ५५।० = प्रथम चरखंड। (५।३०)×८=४०।२४०=४४ द्वितीय चरखण्ड। ५५ में ३ का भाग देने से १८ तृतीय चरखण्ड हुआ। अतः ५५।४४।१८ ये चरखंड सिद्ध हुए।

लंकोदयमानानि तथा तेभ्यः स्वोदयसाधनम्।

लंकोदया विघटिका गजभामि गोङ्क—
दस्ताग्निपक्षदहना क्रमगोत्क्रमस्थाः।
हीनान्विताश्चरदलैः क्रमगोत्क्रमस्थै—
र्मेषादितो घटत उत्क्रमतस्त्विमे स्युः॥

मेषादि १२ राशियों के लंकोदयमान[1] २७८।२९९।३२३।३२३।२९९।२७८ २७८।२९९।३२३।२९९।२७८ ये हैं।

इष्ट स्थान की पलभा साधन के लिये आगे पीछे के अक्षांशों की पलभा का अन्तर कर उसको अक्षांश कला से गुणकर ६० से भाग देने पर फल व्यंगुलादि आयेगा। उसे गत अक्षांश की पलभा में जोड़ने से इष्ट अक्षांश की पलभा होगी।

इष्ट अक्षांश २४।४० हैं। २४ अक्षांश की पलभा ५।२०। अक्षांश २५ की पलभा ५।३५ अतः (५।३५)—(५।२०)=०।१५ ॥ १५ इसको अक्षांश कला ४० से गुणने पर १५ × ४०=६०० । इसमें ६० का भाग देने से लब्ध व्यंगुल= १०। अतः ५।२० + ०।१०=५।३० इष्ट पलभा हुई।

१—सर्वानन्दकरण के मत से लंकोदयमान

२७९।२९९।३२२।३२२।२९९।२७९

२७९।२९९।३२२।३२२।२९९।२७९

पूर्वसाधित चरखंड मेषादि तीन राशि में ऋण तथा कर्कादि तीन राशि में उत्क्रम से धन करने पर स्वदेशीय मेषादि ६ राशियों का उदयमान होगा। ये ही ६ राशियाँ विलोम से तुलादि ६ राशियाँ होंगी। यथा

लंकोदयमान	चरखंड	स्वदेशीय उदयमान
२७८ −	५५ =	मे २२३ मी
२९९ −	४४ =	वृ २५५ कुं
३२३ −	१८ =	मि ३०५ म
३२३ +	१८ =	क ३४१ ध
२९९ +	४४ =	सिं ३४३ वृ
२७८ +	५५ =	क ३३३ तु

लग्नानयनम्—

तत्कालार्कः सायनः स्वोदयघ्ना भोग्यांशाः
स्वत्र्यु ३० द्धृता भोग्यकालः।
एवं यातांशै र्भवेद्यातकालो
भोग्यः शोध्योऽभीष्टनाडीपलेभ्यः॥
तदनु जहीहि ग्रहोदयांश्च शेषं
गगनगुणघ्नमशुद्धहृल्लवाद्यम्।
सहितमजादिग्रहैरशुद्धपूर्वैर्भवति
विलग्नमदोऽयनांशहीनम्॥

इष्ट काल के सायनसूर्य के भोग्यांश वा भुक्तांश को स्वोदयमान से गुणकर ३० का भाग देने से भोग्यकाल वा भुक्तकाल होगा। इष्ट घटी के पल में भोग्यकाल घटाकर यथा संभव अग्रीमराशियों के स्वोदयमान घटाने चाहिये। शेष को ३० से गुणकर अशुद्धराशि (जो राशि इष्ट घटी के पल में नहीं घट सकी वह राशि) के स्वोदयमान से भाग देने पर लब्ध अंशादि फल होगा। उसे शुद्ध राशि (इष्ट घटी पल में जो राशि घट चुकी है उस राशि) में जोड़कर अयनांश घटा देने से निरयन लग्न होगा। इसको भोग्य प्रकार कहते हैं।

सूर्य ३।७।१६।३५ ३० इष्ट घ. १६।३०

अयनांश + २३।१७।१६ − ०।३६।५१ × ६०

सायन सूर्यः ४।०।३६।५१ २६।२३।६ भोग्यांश ९६०

× ३४३ सिंह उदय + ३०

८९४७।७८८९।३०८७ ९९० इष्टपल

१३२। ५१।३०० − ३३५।५८।४१ भोग्यपल

३०)१००७९।२०।२७ १००७९।७९४०।८७ ६५४। १।१९

९० ६० ६० − ३३३ कन्या उदय

१०७ (३३५ १९४ २७ ३२१। १।१९

९० १८० × ३०

१७९ २० १४० ९६३०।३०। ५७०

१५० × ६० १२० + ९ ।−५४०

२९ १२०० २० तुलोदय ३३३)९६३०।३९। ३०(२८

× ६० + २७ ६६६

१७४० ३०)१२२७(४१ २९७०

+ २० १२० २६६४

३०)१७६०(५८ २७ ३०६

१५० × ६०

२६० १८३६०

२४० + ३९

२० ३३३)१८३९९(५५

६ अशुद्ध पूर्व राशि १६६५

+ २८।५५।१५ १७४९

६।२८।५५।१५ १६६५

− २३।१७।१६ अयनांश ८४ ३३३)५०७०(१५

६। ५।३७।५९ लग्नम् × ६० ३३३

५०४० १७४०

+ ३० १६६५

५०७० ७५

लग्न साधन में विशेषता :—

१ पूर्वसाधित भोग्यकाल से इष्टकाल अल्प हो तो इष्टपल को ३० से गुणकर स्वोदय (सायनसूर्य जिस राशि पर है उस राशि के स्वदेशीय उदयमान) मान से भाग देकर लब्ध अंशादि फल सूर्य में जोड़ने से लग्न होता है।

२ मध्य रात्रि के पहले लग्नसाधन करना हो तो इष्टकाल में दिनमान घटाकर शेष को इष्टकाल और सूर्य में ६ राशि जोड़ कर उसे सूर्य मानकर पूर्व रीति (भोग्यप्रकार) से लग्न साधन करने से लग्न सिद्ध होगा।

३ मध्यरात्रि के बाद के इष्ट काल को ६० में घटाकर शेष को रात्रि शेष का इष्ट मानकर सूर्य के भुक्तांश द्वारा लग्न साधन करना चाहिये। अर्थात् रात्रिशेष घटी पल के पल में सूर्य का भुक्तकाल घटाकर शेष में गत राशियों (सायन सूर्य जिस राशि पर है उससे पिछली राशि) के स्वोदयमान को घटाने पर शेष को ३० से गुणकर अशुद्ध राशि के स्वोदय मान का भाग दें। लब्ध अंशादि मान को अशुद्ध राशि की संख्या में घटाने से सायन लग्न होगा। और उसमें अयनांश घटाने से निरयन लग्न होगा। इसको भुक्तप्रकार कहते हैं।

क्रमशः तीनों स्थितियों के उदाहरण :—

(१) यदि इष्टघटी २।५ है। और सूर्यः ३।७।१९।३५ है। अतः सायन सूर्यः ४।०।२६।५१। पूर्व साधित भोग्यकालः ३३५।५८।४१। इष्टघटी के पल २×६०+५=१२५ में भोग्य काल नहीं घटता। अतः इष्ट पल १२५ को ३० से गुणकर स्वोदयमान ३४३ का भाग दिया:—

१२५	३४३)३७५०(१०	३३५	सूर्य ३।७।१९।३५
×३०	३४३	×६०	+१०।५५।५८
३७५०	३२०	३४३)२०१००(५८	३।१८।१५।३३=
	×६०	१७१५	लग्न हुआ
	३४३)१९२००(५५	२९५०	
	१७१५	२७४४	
	२०५०	२०६	
	१७१५		
	३३५		

(२) यदि इष्ट काल ३५।२० है तब उसमें दिनमान घ ३३।१६ घटाने पर शेष घ. २।४ रात्रिगत इष्टकाल होगा। इसको (२।४) इष्टघटी मानकर और सूर्य ३।७।१६।३५ में छ राशि मिलाकर उसे सूर्य ६।७।१६।३५ मान कर भोग्य प्रकार से लग्न साधन करना चाहिये। यथा—

सूर्य ६।७।१६।३५ ३०
अयनांश + २३।१७।१६ −० ।३६।५१ इष्ट घटी के पल २ × ६० + ४=
सा. सू १०।०।३६।५१ २६।२३।६ भोग्यांश १२० + ४=१२४ इनमें सूर्य के

भोग्यांश पर से साधित काल नहीं घटेगा। अतः उसका साधन यहाँ पर नहीं किया गया है। अब यहाँ प्रथम विशेष नियम के आधार पर इष्ट पल को ३० से गुणकर २५५ कुंभ के स्वोदयमान का भाग देकर लब्ध अंशादि फल सूर्य में जोड़ने से लग्न हो जायगा।

(३) भुक्त प्रकार से लग्न साधन का उदाहरणः—

कल्पना किया कि इष्टघटी ५५।१० तथा सायन सूर्य ४।०।३६।५१ पर से भुक्तांश ०।३६।५१ हैं।

०।३६।५१ भुक्तांश ६०
× ३४३ सिं. उ. −५५।१० इष्ट घटी
०।१२३४८।१७४६३ ४।५० रा.शे.इ.
२१०। २६१।१२० ३०)२१०।३६।३३(७।१।१६ भुक्तकाल × ६०
२१०।१२६३६।५४६ २१० २४०
१२० ५४० ३०)३६(१ + ५०
६३ ९३ ३० २६० इष्ट पल
६० ६० ६ २९० इष्टपल
३६ ३३ × ६० −७।१।१६ भुक्तकाल
५४० २८२।५८।४१
+ ३३
३०)५७३(१६
३०
२७३
२७०
३

इष्टपल में सूर्य का भुक्तकाल घटाने पर शेष में पिछली राशि का स्वोदयमान नहीं घटता। अतः आगे प्रक्रिया की जाती है।

२८२।५८।४१   क. उ. ३४१) ८४८९।२०।३० (२४

			१४८२०
×३०	६८२		
८४६०।१७४०।१२३०	१६६६	३४१)१८३२०(५३	+३०
२६। २०।१२०	१३६४	१७०५	३४१)१४८५०(४३
८४८९।१७६०।३०	३०५	१२७०	१३६४
१२०	×६०	१०२३	१२१०
५६०	१८३००	२४७	१०२३
५४०	२०	×६०	१८७
२०	१८३२०	१४८२०	२४।५३।४३=
			लब्धफल

४।० अशुद्धराशि

—।२४।५३।४३ लब्धफल

३। ५। ६।१७

–२३।१७।१६ अयनांश

२।११।४९।१ निरयनलग्न

इस तरह परिस्थितिवश अभीष्ट विधि से लग्न साधन करना चाहिये।

दशमलग्नसाधने नतानयनम् :—

मध्याह्न के पूर्व इष्टकाल को दिनार्ध में घटाने से पूर्वनत तथा मध्याह्न के बाद के इष्टकाल में दिनार्ध घटाने से पश्चिमनत होगा। और मध्यरात्रि के पूर्व इष्टकाल में दिनार्ध घटाने से पश्चिमनत तथा मध्यरात्रि के बाद के इष्ट को ६० में घटाकर शेष को दिनार्ध में जोड़ने से पूर्वनत होगा।

अथ दशमलग्नानयनमाह :—

एवं लंकोदयैर्भुक्तं भोग्यं शोध्यं पलीकृतात्।
पूर्वपश्चान्नताद्न्यद् प्रागवत्सद्दशमं भवेत्॥

पूर्वनतकाल को इष्ट घटी मानकर लंकोदय के द्वारा भुक्तप्रकार से साधितलग्न दशमलग्न होगा। और पश्चिमनतकाल को इष्ट काल मानकर लंकोदयद्वारा भोग्यप्रकार से साधितलग्न दशमलग्न होगा। साधनविधि लग्न की तरह समझनी चाहिये।

उदाहरण—स्वदेशीय इष्टघटी १६।३० । दिनमान का अर्ध घ. १६।३८ । (१६।३८)–(१६।३०)=०।८ पूर्वनत हुआ । यहाँ पर भुक्तप्रकार से दशम लग्न साधन करना चाहिये । परन्तु यहाँ पर पूर्वनत घ. ०।८ है । अर्थात् केवल प. ८ होने से सूर्य का भुक्त काल इसमें नहीं घट सकेगा । अतः ८ पल को ३० से गुण कर सायन सूर्य के लंकोदय मान से भागने पर लब्ध अंशादि मान को सूर्य में घटाने से दशम लग्न होगा ।

```
        ८
      ×३०
२९९) २४० (०
      ×६०
२९९)१४४००(४८
     ११९६
      २४४०
      २३९२
        ४८
       ×६०
२९९)२८८०(९
     २६९१
      १८९
```

सायन सूर्य ४।०।३६।५१ है । अतः ५ राशि का लंकोदय मान २९९ होगा ।

सूर्यः ३।७।१९।३५
—०।४८।१० लब्धफल अंशादि
३।६।३१।२५ दशम लग्नम्

लग्न में ६ राशि मिलाने से सप्तम भाव होता है । और दशम में ६ राशि मिलने से चतुर्थ भाव होता है । अतः लग्न (६।५।३७।५९) + (६।०।०।०)=०।५।३७।५९ सप्तम भाव हुआ ।

(३।६।३१।२५) + ६।०।०।०=९।६।३१।२५ चतुर्थ भाव हुआ ।

चतुर्थ भाव में लग्न घटाकर शेष में ६ का भाग देने से लब्ध को लग्न में जोड़ने पर लग्न संधि होगी । और संधि में लब्ध को जोड़ने से द्वितीय भाव होगा । ऐसे ही आगे जोड़ने पर चतुर्थ पर्यन्त ससंधिभाव होंगे ।

पूर्वोक्त लब्ध को १ में घटा कर शेष को चतुर्थभावादि में जोड़ने से ससंधि चतुर्थ से सप्तम भाव तक भाव होंगे । और लग्नादि ससंधि ६ भावों में ६ राशि जोड़ने पर सप्तम भाव से द्वादश भाव ससंधि सिद्ध होंगे ।

चतुर्थ भाव ९।६।३१।२५

लग्न − ६।५।३७।५९

३।०।५३।२६

×३०

६)९०।५३।२६(१५

९०

६)५३(८

४८

५

×६०

३००

+२६

६)३२६(५४

३०

२६ लब्ध अंशादि १५।८।५४।२०

२४

२

२

×६०

६)१२०(२०

१२०

×

लग्न ६।५।३७।५९

+१५।८।५४।२०

संधि ६।२०।४६।५३।२०

+१५। ८।५४।२०

द्वि.भा. ७। ५।५५।४७।४०

+१५। ८।५४।२०

संधि ७।२१। ४।४२। ०

+१५। ८।५४।२०

तृ.भा ८। ६।१३।३६।२०

+१५। ८।५४।२०

संधि ८।२१।२८।३०।४०

+१५। ८।५४।२०

च.भा. ९। ६।३१।२५। ०

१।

—।१५। ८।५४।२०

०।१४।५१।५ ।४०

६ + ०।२५ = ६।२५॥६।२५ – ०।१६ = ६।९ स्थानिक स्पष्ट सूर्योदय। ६।९ – ०।२३ = ५।४६ सू. उ. स्टॉ. टा.।

६ – (०।२५) = ५।३५।५।३५ – ०।१६ = ५।१९ स्थानिक स्प. सू. अ.। ५।१९ – ०।२३ = ४।५६ सू. अ. स्टॉ. टा.।

रंगून के सूर्योदयास्त साधन का उदाहरण :—ता० ३–११–५४ उत्तर अक्षांश १६।४८। द. क्रान्ति १४।४९। चर मि. १७।३६। वेलान्तर मि. १६।२३ ऋण। रेखान्तर मि. ५ ऋण।

६ + ०।१७ = ६।१७। ६।१७ – ०।१६ = ६।१ स्थानिक स्पष्ट सूर्योदय। ६।१ + ०।५ = ६।६सू. उ. स्टॉ. टा.।

६ – ०।१७ = ५।४३। ५।४३ – ०।१६=५।२७ स्थानिक स्पष्ट सूर्यास्त। ५।२७ + ०।५ = ५।३२ सू. अ. स्टॉ. टा.।

डरबन (दक्षिण अफ्रिका) के स्पष्ट सूर्योदयास्त का साधन :—ता० ३-११-५४। दक्षिण अक्षांश २९।५२। दक्षिणा क्रान्तिः १४।४९। चर मि. ३५।३६ वेलान्तर मि. १६।२३ ऋण। रेखान्तर मि. ४ धन।

६ – ०।३५ = ५।२५। ५।२५ – ०।१६ = ५।९ स्थानिक स्पष्ट सूर्योदय। ५।९ – ०।४ = ५।५ सू. उ. स्टॉ टा.।

६ + ०।३५ = ६।३५। ६।३५ – ०।१६ = ६।१९ स्थानिक स्पष्ट सूर्यास्त। ६।१९ – ०।४ = ६।१५ सू. अ. स्टॉ. टा.।

कुछ देशों के रेखांश अक्षांश तथा रेखान्तर मिनट दी गई हैं। उन सब विदेशों के अक्षांश रेखांश तथा रे. अं. मि. के देने से विशेष विस्तार का भय था। अतः समस्त विश्व के देशों का ग्रीनहीच समयान्तर का कोष्टक दिया गया है। जिसके द्वारा उस देश के प्रदेशों को रेखान्तर मिनिट जानी जा सकेगी। तथा अक्षांश रेखांश मानचित्र (नक्शे) से लेना होगा।

जिस देश के किसी स्थान की रेखान्तर मिनिट का साधन करना हो उस देश के ग्रीनह्वीच से दिये गये समय को १५ से गुणने पर उस देश के स्टॉ. टा. वाले स्थान के रेखांश होंगे। उन रेखांशों तथा अभीष्ट स्थान के रेखांशो का अन्तर करके ४ से गुणने पर पूर्ववत् रेखान्तर मिनिट होगी। अर्थात् नियत रेखांश अभीष्ट रेखांश से अधिक या कम हो तो कमशः रेखान्तर मिनिट धन या ऋण होंगी। उसके बाद उपरोक्त रीती के अनुसार सूर्योदयास्त साधन करना चाहिए।

दिनमान साधन

दिनमान साधन में कोष्ठक द्वारा अधिक सरलता रहेगी। अतः कोष्ठक नीचे दिया जाता है।

उत्तरा क्रान्ति		दक्षिणा क्रान्ति	
उत्तर अक्षांश	दक्षिण अक्षांश	उत्तर अक्षांश	दक्षिण अक्षांश
क.६+चरमिनिट =दिनार्ध	क.६—चरमिनिट =दिनार्ध	क. ६—चरमिनिट =दिनार्ध	क.६ + चरमिनिट =दिनार्ध

कोष्टक द्वारा चरमि. का क. ६ में संस्कार स्पष्ट है। इस संस्कार द्वारा घंटा मिनट में दिनार्ध आयेगा। उसको अढाई से गुणने पर घट्यात्मक दिनार्ध होगा। दिनार्ध को ३० में घटाने से रात्र्यर्ध होगा। और दिनार्ध तथा रात्र्यर्ध को द्विगुणित करने पर दिनमान तथा रात्रि मान सिद्ध होगा।

उदाहरणः—काशी दक्षिणा क्रान्ति १४।४९। चरमि.२८।४३॥ ६—०।२९= ५।३१ दिनार्ध घंटा मिनिट। (५।३१) (२।३०) = १३।४७।३० घट्यादि दिनार्ध हुआ। ३०—(१३।४७।३०)=१६।१२।३० घट्यादि रात्र्यर्ध। (१३।४७।३०) २=२७।३५ दिनमान। (१६।१२।३०) २=३२।२५ रात्रिमान

प्रकारान्तर से दिनमान साधन

जिस देश का दिनमान साधन करना हो उस देश की लग्न सारिणी पर से अभीष्ट दिन के सूर्य की राशि अंश द्वारा कोष्ठकस्थ फल लेकर रख लें। तथा सूर्य में ६ राशि मिलाकर उस पर से भी लग्न सारिणी द्वारा कोष्ठकस्थ फल लें। दूसरे फल में पहले फल का घटाने से दिनमान घट्यादि होगा।

उदाहरणः—काशी अक्षांश २५।२० सूर्य ६।१६। प्रथम फल ३७।२१ द्वितीय फल (५।१)-(३७।२१)=२७।४० दिनमान हुआ।

दिनमान पर से सूर्योदयास्त साधन

दिनमान पर से सूर्योदयास्त का साधन स्थानिक समय के विवेचन में किया गया है। तथापि अभ्यासी के अभ्यासार्थ लिख रहा हूँ।

दिनमान में ५ का भाग देने से मध्यम सूर्यास्त समय लब्ध होगा। उसको १२ में घटाने से मध्यम सूर्योदय शेष रहेगा। इसमें वेलान्तर का संस्कार (धन या ऋण) करने से स्पष्ट स्थानिक सूर्यास्तोदय समय होगा। तदन्तर रेखान्तर मिनिट धन होतो ऋण तथा ऋण हो तो धन करने से सूर्यास्तोदय समय स्टॉ. टा. का होगा।

काशी दिनमान २७।३५ वेलान्तर १६।२३ ऋण। रेखान्तर मि. २ धन। २७।३५ में ५ से भागने पर ५।३१ मध्यम सूर्यास्त। १२-५।३१=६।२९ मध्यम सूर्योदय। ५।३१-०।१६=५।१५ स्थानिक स्पष्ट सूर्यास्त। ५।१५-०।२=५।१३ सूर्यास्त स्टॉ. टा.।

६।२९-०।१६=६।१३ स्पष्ट स्थानिक सूर्योदय। ६।१३- ०।२=६।११ सूर्योदय स्टॉ. टा.।

दिनमान पर से सूर्योदयास्त साधन में विशेष प्रपंच नहीं रहता। अतः इसके द्वारा सूर्योदयास्त साधन सुगम होगा।

देशान्तर साधनः—देशान्तर दो प्रकार का होता है। पूर्वापर तथा दक्षिणोत्तर। पूर्वापर रेखांशों के अन्तर द्वारा लाया जाता है। अभीष्ट तथा अपने नगर के रेखांशों के अन्तर को ४ से गुणने पर मिनिटादि होगा। अपने नगर से अभीष्ट नगर पूर्व रहने से धन तथा पश्चिम रहने से ऋण होता है।

दक्षिणोत्तर अन्तर चर से साधा जाता है। जिस तारीख का जन्म हो उस तारीख पर से क्रान्ति सारिणी द्वारा क्रान्ति लेनी चाहिये। तथा अक्षांश सारिणी पर से अभीष्ट तथा अपने नगर के अक्षांश जानकर चर सारिणी द्वारा अक्षांश तथा क्रान्ति पर से अपने २ नगरों का चर लाकर दोनों का अन्तर चरान्तर होगा। इसका धन ऋण इस प्रकार होगा।

(१) अपने नगर के अक्षांश से अभीष्ट नगर के अक्षांश अधिक तथा उत्तरा क्रान्ति हो तो चरान्तर धन अन्यथा ऋण होगा।

(२) अपने नगर के अक्षांश से अभीष्ट नगर के अक्षांश कम तथा दक्षिणा क्रान्ति हो तो धन चरान्तर होगा। अन्यथा ऋण होगा।

पूर्वापर देशान्तर तथा चरान्तर दोनों धन या ऋण हो तो योग करने पर धन या ऋण स्पष्ट देशान्तर होगा।

यदि एक धन तथा अन्य ऋण हो तो दोनों का अन्तर करना चाहिये। इस परिस्थिति में धनमान अधिक होगा तो स्पष्ट संस्कार धन होगा। तथा ऋण मान अधिक होगा तो स्पष्ट संस्कार ऋण होगा। इसीको स्पष्ट देशांतर कहते हैं।

उदाहरण :—बम्बई ता० २७–१०–५४ जन्म समय स्टॉ. टा. १० प्रातः अक्षांशाः १८।५७ रेखांशाः ७२।५० दक्षिणा क्रान्तिः १२।३१ चर मिनिट १६।४७।

काशी से बम्बई का स्पष्टदेशान्तर साधन करना है। अतः काशी अक्षांशाः २५।२० रेखांशाः ८३।० चर मिनिट २२।४५।

काशी से बम्बई पश्चिम है। अतः रेखांशान्तर (८३।०)—(७२।५०) = १०।१० को ४ से गुणने पर देशान्तर मिनिट ४०।४० ऋण हुई। पूर्वोक्त नियमानुसार दक्षिणा क्रान्ति होने के कारण तथा काशी के अक्षांश से बम्बई के अक्षांश कम होने से चरान्तर मिनिट (२२।४५)—(१६।४७) = ५।५८ धन होगी।

देशान्तर मिनिट ४०।४० ऋण हैं। तथा चरान्तर मिनिट ५।५८ धन हैं। अतः दोनों का अन्तर (४०।४०)–(५।५८)=३४।४२ मिनिट ऋण काशी से बम्बई का स्पष्ट देशान्तर हुआ। इसको अढाई से गुणने पर (३४।४२) (२।३०)=१।२६।४५ घट्यादि स्पष्ट देशान्तर ऋण हुआ।

स्पष्ट देशान्तर द्वारा अभीष्ट नगर का इष्ट काल साधनः—बम्बई में स्टॉ. टा. १० बजे प्रातः जन्म हुआ है। तथा काशी में सूर्योदय समय स्टॉ. टा. ६।७ यह है अतः जन्म समय तथा सूर्योदय के १०–(६।७)=३।५३ अन्तर को अढाई से गुणने पर घट्यादि ९।४२।३० काशी का इष्ट काल हुआ इसमें स्पष्टदेशान्तर घटाने से (९।४२।३०)– (१।२६।४५)= ८।१५।४५ घट्यादि बम्बई का इष्ट काल हुआ।

उसी दिन काशी से कलकत्ते का स्पष्ट देशान्तर साधन करना अभीष्ट हो तो इस प्रकार करना चाहिये। कलकत्ता अक्षांश २२।३५ रेखांश ८८।२१ चर मिनट १९।४२।

काशी तथा कलकत्ता के रेखाशों के अन्तर (८८।२१)-(८३।०)=५।२१ को ४ से गुणने पर मिनिटादि देशान्तर २१।२४ धन हुआ। क्योंकि काशी से कलकत्ता पूर्व में है। दोनों नगरों का चरान्तर (२२।४५)-(१६।४२)= ३।३ मिनिट पूर्वोक्त नियमानुसार धन हुई। देशान्तर के तथा चरान्तर के धन होने से दोनों का योग (२१।२४)+(३।३) = २४।२७ मिनिटादि धन स्पष्ट देशान्तर काशी से कलकत्ते का सिद्ध हुआ। इसको अढाई से गुणने पर (२४।२७) (२।३०)=१।१।७।३० घट्यादि स्पष्ट देशान्तर हुआ।

यदि उसी दिन स्टॉ. टा. १० बजे किसी का जन्म हो तो पूर्व साधित काशी के इष्ट में स्पष्ट देशान्तर जोड़ने से (९।४२।३०)+(१।१।७)= (१०।४३।३७) घट्यादि कलकत्ते का इष्ट काल हुआ। इसी प्रकार अन्य देशों का भी साधन करना चाहिये। परन्तु यह इष्टकाल साधन केवल भारत, लंका, नेपाल भूतान सिक्किम के लिये उपयुक्त है। अन्य देशो के लिये भिन्न प्रकार से होगा। क्योंकि अन्य देशों के स्टॉ. टा भिन्न हैं।

विदेश का देशान्तर साधन

यदि दोनों देश एक ही अक्षांश (उत्तर या दक्षिण[१]) वाले हों तो उपरोक्त नियमानुसार देशान्तर साधन करना चाहिये। यदि दोनों देश भिन्न २ अक्षांश वाले हों तो दोनो देशों के चर का योग करना चाहिए। वही चरान्तर होगा।

उत्तर अक्षांशवाले देश से दक्षिण अक्षांश वाले देश का देशान्तर लाने के लिये कोष्टकः—

उत्तरा क्रान्ति		दक्षिणा क्रान्ति	
अपने स्थानसे पूर्व	अपने स्थानसे पश्चिम	अपने स्थानसे पूर्व	अपने स्थानसे पश्चिम
पूर्वा पर देशान्तर —चर योग ऋण	पूर्वा पर देशान्तर +चर योग धन	पूर्वा पर देशान्तर +चर योग धन	पूर्वा पर देशान्तर —चर योग ऋण

कोष्टक के अनुसार पूर्वापर देशान्तर तथा चर का संस्कार करने से स्पष्ट देशान्तर होगा और उसे (स्पष्ट देशान्तर) अपने स्थान से अभीष्ट स्थान पूर्व हो तो धन तथा पश्चिम हो तो ऋण समझना चाहिये।

१—दक्षिण अक्षांश-वाले देश में चरान्तर के धन ऋण का क्रम पूर्वोक्त नियम (१), (२) से विपरीत जानना चाहिये।

काशी से डरबन के स्पष्ट देशान्तर का उदाहरणः—ता०३-११ ५४ काशी अक्षांश २५।१८ (उत्तर) रेखांश ८३।० पूर्व चर मिनट २८।४७ द. क्रांति १४।४९ । डरबन अक्षांश २९।५२ (दक्षिण)। रेखांश ३१ पूर्व। चरमि ३५।३६ ।

काशी से डरबन् पश्चिम है तथा उसके अक्षांश दक्षिण हैं। (८३।०)-(३१।०) = ५२।० रेखांशान्तर । (५२।०)४ = २०८।० = देशान्तर मिनिट। (२८।४७)+ (३५।३६)=६४।२३ चरयोगमि. । (२०८।०)-(६४।२३)= १४३।३७=स्पष्ट देशान्तर मि. ऋण। क.२ मि. २३ से. ३७ ऋण=स्पष्ट देशान्तर । (२।२३।३७) (२।३०)=५।५९।२।३० घट्यादि स्पष्ट देशान्तर ऋण ।

अपने स्थान से इष्ट स्थान के तिथ्यादि साधन

[1]अपने स्थान के तिथि, नक्षत्र. योगादि की घटियों में स्पष्ट देशन्तर (घन या ऋण) का संस्कार करने से इष्ट स्थान के तिथ्यादि होंगे ।

ग्रह चालन

अभीष्ट देश के भयात, भभोग, सूर्यादि ग्रहों का साधन अपने स्थानीय इष्ट काल तथा ग्रह पंक्ति पर से करना चाहिये। इसके लिये देशान्तर की आवश्यकता नहीं है। केवल लग्न तथा दशम लग्न का साधन अभीष्ट देशके इष्ट काल पर से करना चाहिये।

विदेश की कुण्डली का गणित

विदेश की कुण्डली के निर्माण में अनेक बाधाएँ हैं। वहाँ का पञ्चाङ्ग सूर्योदय सूर्यास्त आदि हमारे पास नहीं रहते हैं। हमें अपने देश-नगर के पञ्चाङ्ग से दूसरे देश की कुण्डली का निर्माण करना है। इसके लिये हमें विदेशीय जन्म

१—यहाँ अपना स्थान से पञ्चाङ्ग जिस स्थान का है उस स्थान को समझना चाहिये।

स्थान के अक्षांश रेखांश रेखान्तर मि० एवं उस देश का ग्रीनवीच मे समयान्तर इस पुस्तक के द्वारा जान लेना चाहिये। यदि संयोग से जन्म स्थान के अक्षांश रेखांश इस पुस्तक में न दिये हों तो मानचित्र (नक्से) आदि से जान लेना चाहिये। प्रत्येक देश का ग्रीनवीच मे समयान्तर इस पुस्तक में दिया है। इसके बाद जन्म दिन की क्रान्ति पञ्चाङ्ग से अथवा इस पुस्तक में दी हुई क्रान्ति सारिणी से जानकर एकत्र रख लें। और वेलान्तर सारिणी से वेलान्तर संस्कार की मिनिट सेकन्ड जान लें। इसके बाद गणित करना प्रारंभ करें।

उदाहरण :—ता० ६–३–७१ प्रातः १०।१७ लंडन में किसी का जन्म हुआ। उपर लिखे क्रम के अनुसार गणित की सामग्री नीचे दी जाती है।

लंडन अक्षांश ५१।३२ प. रेखांश ०।५ रेखान्तर मि० ०।२० ऋण, दक्षिणा क्रान्तिः ६।३ वेलान्तर मि० ११।३७ धन (पुस्तक के आधार पर)। अब सर्व प्रथम चर का साधन किया जाता है।

लंडन का चर साधन :—अक्षांश तथा क्रान्ति पर से चर साधन त्रैराशिक से करना चाहिये। पहले अक्षांश के अंश तथा क्रान्ति के अंश से कोष्ठकस्थ चर मिनिटादि ग्रहण करें। (सारिणी में अक्षांश बायें तरफ और क्रांति उपर लिखी रहती है। अतः अक्षांश तथा क्रान्ति के सम्मुख कोष्ठक से फल लेना चाहिये)। उसके बाद क्रान्ति के अंश में एक अंश बढ़ाकर उसी अक्षांश के अंश पर से फल चरमिनिटादि लें। इन दोनों फलों का अन्तर कर उस अन्तर से क्रान्ति कला को गुण दें और गुणन फल में ६० का भाग देकर लब्ध फल को प्रथम प्राप्त चरमिनिटादि में जोड़ दें। ये अक्षांश के केवल अंश तथा पूरी क्रान्ति से प्राप्त चर मिनिट होंगी। इसी प्रकार अक्षांश के अंश में एक मिलाकर उस पर से ऊपर लिखे अनुसार पूरी क्रान्ति पर से चर मिनिट प्राप्त करें। इसके बाद अभीष्ट अक्षांश तथा एक अधिक अभीष्ट अक्षांश से प्राप्त चर मिनिटों का अन्तर कर उस से अक्षांश की कला को गुणकर ६० का भाग दें। लब्ध फल को प्रथम अक्षांश के फल (चरमिनिट) में जोड़ देने से अभीष्ट अक्षांश कला तथा क्रान्ति से सिद्ध चरमिनिट प्राप्त होंगी।

जैसे अक्षांश ५१।३२ और दक्षिणा क्रान्ति ६।३ है। इस पर से ऊपर लिखे नियमानुसार चर साधन किया जाता है।

५१ अक्षांश ७ क्रांति सम्बन्धि चर मिनिट ३४।५३
५१ अक्षांश ६ क्रांति सम्बन्धि चर मिनिट २९।५०

अन्तर मिनिट=५।३

(५।३)३ क्रां. क. / ६० = १५।९ / ६० = ०।१५

५१ अक्षांश ६ क्रांति सम्बन्धि चरमि. २९।५०
अनुपात से प्राप्त फल +०।१५
(१) ५१ अक्षांश ६।३ क्रान्ति सं. चरमि = ३०।५

५२ अक्षांश ७ क्रान्ति सं. चरमि. ३६।१०
५२ अक्षांश ६ क्रान्ति सं. चरमि.—३०।५४
अन्तर मि.=५ ।१६

(५।१६) ३ क्रां. क / ६० = १५।४८ / ६० = ०।१६

५२अ.६क्रां.सं.चरमि.३०।५४
अनुपात से प्राप्त फल+ ०।१६
(२)५२ अ.६।३क्रां.सं.चरमि.३१।१०

(२) ३१।१० अ. क
(१) ३०। ५
अन्तर १। ५

(१।५)३२ / ६० = ३४।४० / ६० = ०।३५

(१)५१ अक्षांश ६।३ क्रांति सं. चरमि. ३०।५
अनुपात से प्राप्त फल +०।३५
५१।३२ अक्षांश ६।३ क्रांति सं. चरमि.=३०।४०

लंडन चरमि. ३४।४०

सूर्योदय इष्टकाल एवं लग्न साधन

भाग २ पृष्ठ १३५ पर लिखे सूर्योदय साधन के नियमानुसार इष्ट स्थान का सूर्योदय साधन करें।

६
+।३०।४० चरमिनिट
६ ।३०।४०
+ ११।३७ बेलान्तर
६ ।४२।१७
+ ०।२० रेखान्तर मि.
६ ।४२।३७ स्टॉ. सा. सू. उ.

इष्ट स्थान का स्टॉ. टा. सूर्योदय घं. ६।४२।३७ पर हुआ। इस पर से जन्म समय का इष्ट काल का साधन भाग १ पृष्ठ १६ पर दिये हुए नियमानुसार करने पर इष्ट घटी ८।१३।२७।३० प्राप्त हुई। भाग २ पृष्ठ १ पर लिखी हुई रीति के अनुसार ५२ अक्षांश की सारिणी से इष्ट ८।१३।२७ सूर्य १०।२१ द्वारा लग्न सिद्ध हुआ। इसके बाद जो ग्रह जिस राशि पर है। उसे उस उस राशि पर रखने से जन्माङ्ग चक्र बन जायगा।

स्पष्ट देशान्तर

देशान्तर दो प्रकार का होता है। यह पहले भाग २ पृष्ठ १३८ पर लिखा जा चुका है। इसमें पञ्चाङ्ग जिस देश-नगर का है। उस स्थान का चर साधन आवश्यक होता है। अतः इसका साधन ऊपर लिखी रीति के अनुसार किया जाता है। यदि पञ्चाङ्ग काशी का है तब अक्षांश २५।२० एवं पूर्व दर्शित दक्षिणा क्रान्ति ६।३ पर से चरसाधन किया जाता है।

काशीका चर साधन

२५ अ. ७क्रान्ति सं. चरमि. १३।८
,, ६ क्रान्ति सं. चरमि. ११।१४
अन्तर मि.= १ ।५४

(१।५४) ३ क्रां. क / ६० = ३।१६२ / ६० = ५।४२ / ६० = ०।६

२५ अक्षांश ६ क्रांति सं. चरमि. ११।१४
अनुपात से प्राप्त फल + ०। ६

(१) २५ अक्षांश ६।३ क्रांति सं. चर मि.=११।२०

(१।५९) ३ क्रां. क. / ६० = ५।५७ / ६० = ०।६

(२) २६ अक्षांश ६।३ क्रांति सं. चर मि. ११।५१
(१) २५ अक्षांश ६।३ क्रांति सं. चर मि. ११।२०
अन्तर मि. ०।३१

(१) २५ अक्षांश ६।३ क्रांति सं. चर मि. ११।२०
अनुपात से प्राप्तफल मि.+ ०।१०
२५।२० अ. ६।३ क्रांति सं. चर मि. ११।३०
काशी चर मि. ११।३०

२६ अक्षांश ७ क्रांति सं. चर मि. १३।४४
२६ अक्षांश ६ क्रांति सं. चर मि. ११।४५
अन्तर मि. १।५९

२६ अ. ६ क्रां. सं. चर मि. ११।४५
अनुपात से प्राप्तफल+ ०। ६

(२) २६ अ. ६।३ क्रां. सं. चर मि. ११।५१

(०।३१) २० / ६० = ०।१०

दक्षिणोत्तर संस्कार साधन :—

दोनों स्थान उत्तर अक्षांश के हैं। अतः दोनों देशों का चरान्तर करना चाहिये। यथा (३०।४०)−(११।३०)=१९।१० चरान्तर भाग २ पृष्ठ १३८ पर दिये हुए नियमानुसार ऋण हुआ। यह दक्षिणोत्तर संस्कार कहलाता है।

पूर्वापर देशान्तर संस्कार का साधन :—इसके साधन में सावधानी रखनी चाहिये यदि दोनों स्थानों के रेखांश ग्रीनवीच से पूर्व अथवा पश्चिम हों तो अन्तर और एक ग्रीनवीच से पूर्व तथा अन्य के ग्रीनवीच से पश्चिम हों तो योग करना चाहिये। यहाँ लंडन ग्रीनवीच से पश्चिम है। और काशी पूर्व में है। अतः दोनों ग्रीनवीच से भिन्न दिशा के रहने के कारण रेखांशों का योग करना चाहिये। और उस अन्तर को १० से गुणने पर देशान्तर पल होंगे। यथा काशी पू. रेखांश ८३।० + लंडन पश्चिम रेखांश ०।५ = ८३।५ रेखांशयोग। १० (८३।५) = पल ८३०।५० = घटी १३।५०।५०। यह काशी से लंडन पश्चिम रहने से ऋण रहेगा।

स्पष्ट देशान्तर साधन :—चरान्तर मि० १९।१० के पल ४७।५५ भी ऋण हैं। अतः पूर्वापर देशान्तर तथा चरान्तर का योग स्पष्ट देशान्तर घटी = (१३।५०।५०)+(०।४७।५५) = घटी १४।३८।४५ ऋणात्मिका हुई। इसके संस्कार का नियम भाग २ पृष्ठ १४० पर देखें। अर्थात् उस दिन काशी के सूर्योदय के बाद घ. १४।३८।४५ इतनी घटी पर लंडन मे सूर्योदय हुआ। इस घटी पल के संस्कार को घण्टे मिनिट में भी जान

सकते हैं। रेखांश योग ८३।५ में १५ का भाग देने से घं० ५।३२।२० हुए! इनमें चरान्तर मि० जोड़ने से (घं ५।३२। २०) + (०।१९।१०)=घं ५।५१।३० स्पष्ट देशान्तर हुआ।


पंचाङ्ग साधन :—ता०६-३-७१ के दिन काशी पञ्चाङ्ग में संवत् २०२७ शक १८९२ फाल्गुन शुक्ल १० शनिवार घ० ४३।४६ आर्द्रा ३३।५६ (पूर्व दिन मृगशिर घ० ३२।३१ आयु २५।४४ तैत्तिल १३।४३ स्पष्ट सूर्य १०।२१। १९।४७ स्प. ग. ६०।९ चन्द्र मिथुन राशि भाग २ पृष्ठ १४१ पर दिये हुए नियमानुसार काशी के तिथ्यादि घटी पल में स्पष्ट देशान्तर के ऋण रहने से उसे घटाने पर लंडन के तिथ्यादि की घटी पल बनेगी। जैसे तिथि (घ०४३।४६) (घ०१४।३९) = १० तिथि घ० २९।७। आर्द्रा (घ० ३३।५६) – (१४।३९)=आर्द्रा घ० १९।१७। आयु. योग (घ० २५।४४)–(१४।३९) = आयु. योग घ. ११।५। तैत्तिल करण की घ. १३।४३ से स्पष्ट देशान्तर अधिक है। अतः जातक के जन्म समय में तैत्तिल करण समाप्त होकर गर करण का आरंभ हो चुका था। इस तरह लंडन का पञ्चाङ्ग बनाना चाहिये।

भयात-भभोग साधनः—इसके साधन में ध्यान रखना चाहिये। अर्थात् जैसे आर्द्रा की घटीपल में स्पष्ट देशान्तर घटाया है। वैसे ही गत नक्षत्र मृगशिर की घटी पल में भी स्पष्ट देशान्तर घटीपल घटाकर भयात भभोग बनाने के नियमानुसार जातक के जन्मकालिन भयात भभोग बना लेना चाहिये। यथा मृगशिर (घ. ३२।३१)–घ. (१४।३९)=मृगशिर घ. १७।५२ लंडन का उक्त नक्षत्रमान हुआ। इस पर से पूर्व दर्शित नियमानुसार भभोगः ६०–(१७।५२)=४२।८ इसमें आर्द्रा का मान जोड़ने से आर्द्रा भयोग = (४२।८) + (१९।१७) =६१।२५। भयात =(४२।८) + (इष्ट घ. ८।१३)=५०।२१ हुआ। अथवा लंडन के इष्टकाल में स्पष्टदेशान्तर का विपरीत संस्कार करने से काशी का इष्ट काल होगा। उस पर से काशी के नक्षत्रमान द्वारा भयात भभोग साधन करना चाहिये। जैसे लंडन इष्टकाल (घ. ८।१३) + (स्प.दे. अं. घ. १४।३९) = घ. २२।५२ यह काशी के सूर्योदय से इष्टकाल हुआ। यहाँ यह ध्यान रखना चाहिये कि काशी में सूर्योदय पहले हुआ। और लंडन में बाद में हुआ। अतःकाशी के सूर्योदय से जन्म समय तकका इष्ट काल लंडन के सूर्योदय की दृष्टि से अधिक है।

ग्रह साधनः—काशी के सूर्योदय से लाये गये इष्ट काल पर से पंचाङ्गस्थ ग्रह पंक्ति द्वारा ग्रह स्पष्ट करना चाहिये। अर्थात् पंचाङ्ग जिस नगर का हो उस नगर के सूर्योदय से बने इष्ट काल द्वारा भयात-भयोग ग्रह स्पष्ट करना चाहिये। इनके लिए जन्म स्थान के सूर्योदय से बने इष्टकाल की आवश्यकता नहीं है। जन्मभूमि के इष्टकाल से लग्न दशम लग्न का साधन करना चाहिये।

ता० ६-३-७१ शनिवार के दिन लंडन के स्टॉ. टा. १०।१७ समयानुसार बने इष्टकाल आदि नीचे दिये जाते है।

अथ जन्माङ्गम्



इष्टकाल, लग्न तथा सूर्यादि स्पष्ट ग्रह

इष्ट	ल	सू	चं	मं	बु	गु	शु	श	रा
८	१	१०	२	८	१०	७	६	०	६
१३	२१	२१	१७	१	२५	१४	६	२४	२८
२७	४३	४२	३६	१४	६	४६	५२	३	५६

विदेश की कुण्डली साधन का दूसरा उदाहरण

ता० ६–३–७१ मंगलवार के दिन रात्रि ६।३० पर डरबन में जन्म। डरबन (दक्षिण आफ्रिका) दक्षिण अक्षांश २६।५२ पूर्व रेखांश ३१।० रेखान्तर मि० ४।० धन। दक्षिणा क्रान्ति ४।५३। वेलान्तर मि. १०।५५ धन। गणित करने का क्रम पूर्ववत् समझें।

डरबन चर साधन :—

२९ अक्षांश ५ क्रांति सम्बन्धि चर मि. ११।७
२९ अक्षांश ४ क्रांति सम्बन्धि चर मि. ८।५३

अन्तर मि. = २।१४

क्रां. क.

(२।१४) ५३ / ६० = ११८।२२ / ६० = १।५८

२९ अक्षांश ४ क्रांति संबन्धि चर मि. ८।५३
अनुपात से प्राप्त फल + १।५८

(१) २९ अक्षांश ४।५३ क्रांतिसं. चरमि. १०।५१

३० अक्षांश ५ क्रांति सं. चर मि. ११।३५
३० अक्षांश ४ क्रांति सं. चर मि. ९।१५

अन्तर मि. = २।२०

क्रां. क.

(२।२०) ५३ / ६० = १२३।४० / ६० = २।४

३० अक्षांश ४ क्रांति सं. चर मि. ९।१५
अनुपात से प्राप्त फल + २। ४

(२) ३० अक्षांश ४।५३ क्रांतिसं. चरमि. ११।१९

(२) ११।१९
(१) १०।५१

अन्तर ०।२८

(०।२८) ५२ अ. क. / ६० = २४।१६ / ६० = ०।२४

(१) २९ अक्षांश ४।५३ क्रांतिसं. चरमि. १०।५१
अनुपात से प्राप्त फल मि. + ०।२४

२९।५२ अक्षांश ४।५३ क्रान्तिसं. चरमि = ११।१५

डरबन चर मि. ११।१५

सूर्योदय इष्टकाल एवं लग्न साधन

भाग २ पृष्ठ १३५ पर लिखे सूर्योदय साधन के नियमानुसार इष्ट स्थानका सूर्योदय साधन करें।

६
−११।१५ चर मि.
५।४८।४५
+१०।५५ वेलान्तर
५।५६।४०
− ४। ० रेखान्तर
५।५५।४० स्टॉ. टा. सू. उ.

डरबन में ता० ६–३–७१ के दिन सूर्योदय स्टॉ. टा ५।५५।४० पर हुआ। इस पर से भाग १ पृष्ठ १६ पर लिखे नियमानुसार रात में ९।३० समय का इष्टकाल घ. ३८।५५। ५० हुआ। उक्त दिन सूर्य १०।२५ है। अतः ३० अक्षांश की सारिणी द्वारा भाग १ पृष्ठ ६६ पर दिये दक्षिण अक्षांश के लग्न साधन के नियमानुसार लग्न ७।० वृश्चिक प्राप्त हुआ। पूर्ववत् जन्माङ्ग चक्र में ग्रहों का न्यास करने से जातक की जन्म कुण्डली बन जायगी।

स्पष्ट देशान्तर साधन के लिए काशी का चर साधन :—

२५ अ. ५ क्रांति सं. चरमि. ६।२१
,, ४ क्रांति सं. चरमि. −१।५३
अन्तर मि. =१।५३

$\frac{(१।५३)\ ५३\ \text{क्रां. क.}}{६०} = \frac{६६।४६}{६०} = १।४०$

२५ अ. ४ क्रांति सं. चरमि. ७।२८
अनुपात से प्राप्त फल मि. + १।४०
(१) २५ अक्षांश ४।५३ क्रांति चरमि. ९।८

२६ अक्षांश ५ क्रांति सं. चरमि. ६।३७
,, ,, ४ क्रांति स. चरमि. ७।४६
अन्तर मि. १।४८

$\frac{(१।४८)\ ५३\ \text{क्रां. क.}}{६०} = \frac{११५।२४}{६०} = १।५५$

२६ अक्षांश ४ क्रांति सं. चरमि. ७।४६
अनुपात से प्राप्त फल मि. + १।५५
(२) २६ अ. ४।५३ क्रांति सं. चरमि. ६।४४

(२) ६।४४
(१) ९।८
अतन्र०।३६

$\frac{(०।३६)\ २०\ \text{अ. क}}{६०} = \frac{१२}{६०} = ०।१२$

(१) २५ अ. ४।५३ क्रां. सं. चरमि. ६।८
अनुपात से प्राप्त फल मि. + ०।१२
२५।२० अ ४।५३ क्रां. सं. चरमि. ६।२०

काशी चर मि. ६।२०

दक्षिणोत्तर संस्कार साधन :—डरबन के दक्षिण अक्षांश हैं। और काशी के उत्तर अक्षांश है। अतः भाग २ पृष्ठ १४० पर लिखे नियमानुसार दोनों देशों के चर का योग = (११।१५) + (६।२०) = मि. २०।३५ यह दक्षिणोत्तर (चरयोग) संस्कार कहलाता है।

पूर्वापर देशान्तर साधन :—यहाँ दोनों नगर पूर्व रेखांश के हैं। अतः दोनों नगरों के रेखांशों का अन्तर करना चाहिये। काशी रेखांश (८३।०) − डरबन रेखांश (३१।०) = ५२।० रेखांशान्तर।

(५२।०) १० = पल ५२० = घ. ८।४० = पूर्वापर देशान्तर घटी। अथवा

$\frac{(५२।०)}{१५}$ = घं. ३ मि. २८ = पूर्वापर देशांतर के घंटे मिनिट।

स्पष्ट देशान्तर साधन :— इसके साधन के लिये भाग २ पृष्ठ १४६ पर दिये गये कोष्टक का उपयोग करना चाहिये। कोष्ठकानुसार स्पष्टदेशान्तर = घं. ३ मि. २८ पूर्वापर दे. अं.-घं. ०।२०।३५ चरयोग = घं. ३।७।२५ ऋण। स्पष्ट-देशान्तर घटीपल ७।४८।३२।३० ऋण।

डरबन की इष्ट घटी ३८।५५।५० इसमें स्पष्ट देशान्तर घटी ७।४८।३२।३० जोड़ने से काशी के सूर्योदय से इष्टकाल घ. ४६।४४।४२।३०।

पंचाङ्ग साधन :—ता. ९-३-७१ के दिन काशी के पंचाङ्ग में संवत् २०२७ शक १८९२ फाल्गुन शुक्ल १३ मंगल घ. ५१।३७ आश्लेषा घ. ४५।३४ अतिगंड घ. २२।२२ कौलव १६।४३ चन्द्र सिंह ४५।३४ उपरान्त। दूसरे दिन मघा. घ ५१।२६ यहाँ पर भी स्पष्ट देशान्तर घटीपल घटाने से डरबन का पंचाङ्गः—

फा. शु. १३ मंगल घ. ४३।४८ आश्लेषा घ. ३७।४५ अतिग घ. १४।३३ तात्कालिक तैतिलकरण चन्द्र सिंह राशि—

भयात भयोग साधनः—काशी इष्ट घ. ४६।४५—आश्लेषा घ. ४५। ३४=१।११ मघा भयात। ६०—(४५।३४)=१४।२६ इसमें मघा का मान जोड़ने से मघा भभोग घ. ६५।५२। ग्रह स्पष्ट भी काशी के इष्टकाल एवं काशी के पञ्चाङ्ग की पंक्ति द्वारा करना चाहिये।

विशेषः—कभी ऐसी भी परिस्थिति आती है कि स्पष्ट देशान्तर के घटी पल से अपने पञ्चाङ्ग में तिथ्यादि के घटी पल कम रहें तब विषम परिस्थिति उत्पन्न हो जाती है। उस समय विवेक से काम करना चाहिये। इसके लिये एक कल्पित उदाहरण देकर विचार किया जाता है। कल्पना किया कि जातक का जन्म लंडन में हुआ। और स्पष्ट देशान्तर घटी १५ ऋण है। एवं जन्म दिन भाग १ पृष्ठ १३ पर दिये हुए पंचाङ्ग में श्रावण कृष्ण ५ शुक्रवार का है। इस दिन तिथि तथा नक्षत्र का मान स्पष्ट देशान्तर से कम है। इस मान में स्पष्ट देशान्तर नहीं घट सकेगा। इस स्थिति में सर्व प्रथम उदय काल में जो तिथि आदि हैं उनसे आगे के तिथि नक्षत्रादि का भोगमान लाना चाहिये। उस भोग मान में उदयकालिक तिथि नक्षत्रादि का मान जोड़ कर योगफल में स्पष्ट देशान्तर घटाने से शेष घटी पल सूर्योदय कालिक तिथि नक्षत्रादि से आगे के तिथि नक्षत्रादि के मान होंगे। जैसे ५ शुक्रवार घ. ६।२ है। अतः षष्ठी का भोग मान साधना है। ६०—(६।२)=५३।५८ इसमें षष्ठी घ. १।२५ मिलाने से षष्ठी भोग घ. ५५।२३ हुई। षष्ठी भोग (घ. ५५।२३) + पंचमी (घ. ६।२)= योग घटी ६१।२५। योग (घ. ६१।२५)—(स्प. दे. अँ. घ. १५।०) षष्ठी

घ. ४६।२५। अर्थात् जातक के जन्म दिन लंडन में षष्ठी घ. ४६।२१ शुक्रवार रहेगा। यह स्मरण रहे कि तिथि बदल गई परन्तु वार शुक्र ही रहेगा। ५ शुक्रवार के दिन पूर्वाभाद्रपद घ. १४।२५ है। यह स्पष्ट देशान्तर घ. १५ से कम है। अतः उत्तराभाद्रपद का भोग जानना है। ६०–(१४।२५)= ४५।३५ इसमें उत्तराभाद्रपद के मान घ. ११।४१ को मिलाने से उ. भा. भोग घ. ५७।१६ हुआ। इसमें पूर्वाभाद्रपद का मान घ. १४।२५ मिलाकर योग घ. ७१।४१ में स्पष्ट देशान्तर घ. १५ घटाने से उ. भा. घ. ५६।४१ षष्ठी शुक्र के दिन लंडन में रहेगा।

उस दिन शोभन योग घ. २१।२० है। इसमें स्प. दे. अं. घ. १५ घटाने से शोभन योग घ. ६।२० लंडन में रहेगी।

तात्कालिक करण इष्टकाल के अनुसार जानना चाहिये। इसके जानने के लिये भाग १ पृष्ठ ३ पर विवरण दिया है। प्रकृत कल्पित उदाहरण में यदि इष्ट षष्ठी के पूर्वार्ध में पड़ता है तो गर करण और उत्तरार्ध में पड़न से वणिज करण रहेगा। भयात भभोग का साधन तो पंचाङ्ग जिस नगर का है उस नगर के इष्ट काल से लाया जा सकता है। और इसका साधन ऊपर में दिखा दिया है।

इस प्रकार की अनेक परिस्थितियाँ गणित करते समय आ सकती हैं। वहाँ अभ्यासी सुज्ञजन तदनुकुल कार्य करेंगे।

जन्म पत्रिका लिखने का क्रम

श्री गणेशाय नमः॥ स जयति सिंधुरवदनो देवो यत्पादपङ्कजस्मरणम्। वासरमणिरिव तमसां राशीन्नाशयतु विघ्नानाम्॥ १॥ स्वस्ति श्रीमन्नृपति-विक्रमार्कराज्यसमयातीत संवत् १९७६ वर्षे श्रीमद्भूपतिशालिवाहनकृतशाके १८४१ प्रवर्तमाने प्रजापतिनामसंवत्सरे दक्षिणायनगते श्रीसूर्ये वर्णतौ महामाङ्गल्यफलप्रदे मासोत्तमे श्रावणे मासे कृष्णे पक्षे १२ तिथौ घट्यः २४।४१ गुरुवासरे मृगशिरसि नक्षत्रे घट्यः ४७।५ ध्रुवयोगे घट्यः २९।१२ तात्कालिके तैतिलकरणे वृषमराशि-स्थिते चन्द्रे राशिनवमांशे मकराद्ये कन्याख्ये बुधदैवत्ये शुक्रराश्यधिपतौ सर्पयोनौ

देवगणे वैश्यवर्णे मृगवर्गे पूर्वभागयुक्तायां भूमिहंसके मध्यनाडीस्थिते श्रीफणीश्वरचक्रे कर्कसङ्क्रान्तेर्गतांशाः ७ क. १६. वि. ३५ श्रीमन्मार्तण्डमण्डलार्धोदयाद्गतघट्यः १६ पलानि ३० एतत्समये तुलालग्नवहमानायां शुभवेलायां विप्रज्ञातौ श्रीयुतशेठ-शिवलालात्मजपरमानन्दवोरा इत्येषां गृहे अखण्डसौभाग्यवतीभार्यायाः अञ्जुदेव्याः कुक्षौ पुत्ररत्नजन्म। तदभिधानं मृगशिरोनक्षत्रस्य २ चरणानुगतं वकाराक्षरे ओ-स्वरोपरि जन्मनाम। परं मातृपित्रोरुल्लापने यथारुचि (वृद्धिशंकर) देयम्। घाताख्यं मार्गशीर्षमासः ५।१०।१५ तिथयः शनिवासरः हस्तनक्षत्रं सुकर्मायोगः शकुनिकरणम् ४ प्रहरः ५ चन्द्र इति। शुभं भवतु। कल्याणमस्तु।

इसके बाद नीचे यदि ग्रह स्पष्ट किये हों तो उन्हें गति आदि के साथ लिखें। और बाद में जन्माङ्ग चक्र एवं राशिचक्र (देखो पृ. ३७) रखना चाहिये। ग्रह स्पष्ट न किये हों तो जन्माङ्गचक्र तथा राशिचक्र लिखें। यदि जन्मपत्रिका बड़ी हो तो उदाहरण क्रम में जैसे जैसे चक्रादि कोष्ठक दिये हैं वैसे ही क्रमशः लिखने चाहिये।

भारतीय कुंडली विज्ञान भाग ३

वर्ष गणित साधन प्रकरण

अथ वर्ष प्रवेश गणितः—

जातक के जन्म समय में सूर्य जिस राशि अंश कलादि पर होगा उसी राशि अंश कलादि पर पुनः जब सूर्य आता है तब जन्म से एक सौर वर्ष पूर्ण होता है ! इसी प्रकार जब २ सूर्य भ्रमण द्वारा जन्म के सूर्य की राश्यादि के समान होगा तब २ उसके आयुष्य का एक २ वर्ष पूर्ण होता जायगा। उस समय के लग्न तथा ग्रह पर से निर्मित कुंडली द्वारा मनुष्य के वर्तमान वर्ष का शुभाशुभ देखा जाता है। इस पद्धति को ताजक कहते हैं। इस पद्धति का प्रारम्भ यवन राज्य में शक १२०० के अनन्तर हुआ है ऐसा विद्वानों का मत है। ताजक शब्द के असंस्कृत होने के कारण इस पद्धति पर विदेशी प्रभाव पड़ा है यह निर्विवाद है। कुछ विद्वानों ने ताजक को तार्तीयक रूप में संस्कृत किया है। ताजक को ताजिक भी कहते हैं।

वर्ष प्रवेश गणित के लिये ताजिक[1] भूषण पद्धति, दैवज्ञालंकृति[2], ताजिक[3] तंत्रसार, ताजिक[4] नीलकंठी प्रभृति अनेक ग्रन्थ बने हैं। तथापि ताजिकनीलकंठी का प्रचार विशेष है। इसमें सौर वर्ष का मान ३६५।१५।३१।३० ग्रहण किया गया है। यह प्राचीन सूर्यसिद्धान्त का है। वर्तमान सूर्यसिद्धान्त का इससे भिन्न ३६५।१५।३१।३१।२४ यह मान[5] है।

१—पार्थपुर ग्रामस्थ ढुंढिरामात्मज गणेश कृत। शक १४८०। २—तेजसिंह कृत सन् १३००। ३—समरसिंह कृत, शक १३५६ के आसन्न। ४—नीलकंठ दैवज्ञकृत, शक १५०९। ५—पाश्चात्य मत से वर्षमान ३६५।१५।२२।५७।३० यह है। अतः यहाँ के कतिपय विद्वान् इस मान के अनुसार निर्मित सारिणी द्वारा वर्ष प्रवेश का साधन करते हैं। नवीन सारिणी पर से वर्ष प्रवेश अभीष्ट हो तो नवीन सारिणी नीचे दी जाती है।

	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	२०	३०	४०	५०	६०	७०	८०	९०
वार	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	४	२	१	६	५	३	२	१
घटी	१५	३०	४६	१	१६	३२	४७	३	१८	३३	७	४१	१५	४९	२२	५६	३०	४
पल	२२	४५	८	३१	५४	१७	४०	३	२६	४९	३९	२८	१८	७	५७	४७	३६	२६
वि.	५७	५५	५२	५०	४७	४५	४२	४०	३७	३५	१०	४५	२०	५५	३०	५	४०	१५

वर्ष प्रवेश साधनः—एक वर्ष के मान (३६५।१५।३१।३०) को गत वर्ष संख्या से गुणने पर गतवर्ष के दिनादि होंगे। दिन संख्या में ७ से भागने पर शेष वारादि होगा। परन्तु ३६५ में ७ का भाग देकर शेष १ तथा १५।३१।३० को गतवर्ष से गुणने पर सरलता रहती है। अतः इसी (१।१५।३१।३०) को गत वर्ष से गुणने की प्रथा प्रचलित है। तदनुसार गुणन के परिश्रम को दूर करने के लिये सारिणी दी गयी है। उसमें से गत वर्ष संबंधि वारादि सरलता से मिल जाते हैं। उनमें जन्म समय के वार तथा इष्ट घटी पल मिलाने से वर्ष प्रवेश समय के वार तथा इष्ट घटी पल होंगे। इस इष्ट तथा जन्म के सूर्य से साधित लग्न वर्ष प्रवेश का लग्न होगा।

दूसरी विधि—

गताः समाः पादयुताः प्रकृतिघ्नसमागणात्
खवेदाप्तघटीयुक्ता जन्मवारादिसंयुताः।
अब्दप्रवेशो वारादिस्सप्ततष्टेऽत्र निर्दिशेत्॥

गतवर्षसंख्या में अपना चतुर्थांश मिलाने से वारादि फल होगा। तथा गत वर्ष सख्या को २१ से गुणकर ४० का भाग देने से लब्ध फल घटयादि होगा। इन दोनों के योग में जन्म वारादि* (वार. इष्ट घटी पल) मिलाने से वर्ष प्रवेश के वारादि होंगे।

उदाहरणः—जन्म संवत् १९६५ शक १८३० श्रावण शुक्ल १५ बुधवार। इष्ट घ० ४५।१५ सूर्यः ३।२६।४४।४० लग्न १।६।

प्रथम रीति द्वारा। २०११–१९६५=४६ गतवर्ष। (१।१५।३१।३०)× ४६ =४६।६९०।१४२६।१३८०=५७।५४।९। वार में ७ से भागने पर शेष १। ५४।९ वारादि हुआ। १।५४।९ वारादि में जन्म के वार तथा इष्ट घटी पल ४।४५।१५ मिलाने से वर्ष प्रवेश वारादि*६।३९।२४।

दूसरी रीती द्वारा। गतवर्ष ४६ इसका चतुर्थांश ११।३०।

*—वार की संख्या रविवार से गिननी चाहिये। रविवार से १, सोम से २ इत्यादि।

वर्ष प्रवेश सारिणी

गतवर्ष	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६
वार	१	२	३	५	६	०	१	३	४	०	६	१	२	३	४	६
घटी	१५	३१	४६	२	१७	३३	४८	४	१९	३५	५०	६	२१	३७	५२	८
पल	३१	३	३४	६	३७	०	४०	१२	४३	१५	४६	२८	४९	२१	५२	२४
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०
गतवर्ष	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	३२
वा.	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	०	०	१	२	४	५
घ.	२३	३९	५४	१०	२६	४१	५७	१२	२८	४३	५९	१४	३०	४५	१	१६
प.	५५	२७	५८	३०	१	३३	४	३६	७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८
वि.	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०
गतवर्ष	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८
वा.	६	०	२	३	४	५	०	१	२	३	५	६	०	१	३	४
घ.	३२	४७	३	१८	३४	४९	५	२१	३६	५२	७	२३	३८	५४	९	२५
प.	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	०	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२
वि.	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०
गतवर्ष	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०	६१	६२	६३	६४
वा.	५	६	१	२	३	४	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३
घ.	४०	५६	११	२७	४२	५८	१३	२९	४४	०	१५	३१	४७	२	१८	३३
प.	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०	१	३३	४	३६
वि.	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०
गतवर्ष	६५	६६	६७	६८	६९	७०	७१	७२	७३	७४	७५	७६	७७	७८	७९	८०
वा.	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२
घ.	४९	४	२०	३५	५१	६	२२	३७	५३	८	२४	३९	५५	१०	२६	४२
प.	७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	०
वि.	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०
गतवर्ष	८१	८२	८३	८४	८५	८६	८७	८८	८९	९०	९१	९२	९३	९४	९५	९६
वा.	३	५	६	०	१	३	४	५	०	१	२	३	५	६	०	१
घ.	५७	१३	२८	४४	५९	१५	३०	४६	१	१७	३२	४८	३	१९	३४	५०
प.	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४
वि.	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

४६ + ११।३० = ५७।३० वारादिफल। ४६ × २१ = ९६६ इसमें ४० का भाग देने पर २४।९ घट्यादि फल। (५७ । ३०) + (०।२४।९) = ५७।५४।९

वारादि । ५७ इसमें ७ का भाग देने पर शेष १।५४।९ वारादि (१।५४।६) + (४।४५।१५) = ६।३६।२४ वर्ष प्रवेश वारादि ।

वार ६ से शुक्रवार हुआ । यथा ३६।२४ वर्ष प्रवेश की इष्ट घटी पल हुई । इस इष्ट (३६।२४) तथा जन्म के सूर्य ३।२६ द्वारा साधित लग्न ११।२२ वर्ष प्रवेश लग्न हुआ ।

वर्ष प्रवेश तिथिसाधन


शिवघ्नोऽब्दः खखाद्रीन्दुलवाढ्यः खाग्नि शेषितः ।
जन्मतिथ्यन्वितस्तत्र तिथावब्दप्रवेशनम् ॥


गत वर्ष संख्याको ११ से गुणकर १७० से भागने पर लब्ध फल को ११ से गुणित गत वर्ष में मिला दें । और योग फल में ३० से भाग देकर शेष में जन्म. तिथि (शुक्ल प्रतिपदा से गिनकर) संख्या मिला देनी चाहिये । यदि योग ३० से अधिक हो तो ३० का भाग देकर शेष तिथि (शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से गिनकर) वर्ष प्रवेश की तिथि होगी ।

उदाहरणः—गत वर्ष ४६॥४६×११ = ५०६ में १७० का भाग देने पर लब्ध २।५८॥५०६ + २।५८=५०८।५८ ॥ ५०८ इसमें ३० का भाग देने पर शेष २८।५८ इसमें जन्म तिथि १५ मिलाने पर २८।५८ + १५=४३।५८ ॥ ४३ यह ३० से अधिक है, अतः ३० से भागने पर शेष १३।५८ यह वर्ष प्रवेश तिथि हुई । अर्थात् शुक्ल १४ के दिन वर्ष प्रवेश हुआ । इस प्रकार वर्ष प्रवेश की तिथि सर्वत्र नहीं मिलती । कभी-कभी एक दो तिथि का अन्तर पड़ जाता है । यह अन्तर तिथि के क्षय वृद्धि के कारण पड़ता है । अतः जन्म के सूर्य के राशि अंशादि जिस दिन मिलेंगे वही वर्ष प्रवेश की तिथि मानी जायगी । इसी प्रकार कभी-कभी वर्ष प्रवेश वार में भी एक वार के अन्तर का सम्भव रहता है । अतः यहाँ पर भी सूर्य ही प्रधान मानना चाहिये । वार न मिले तो एक वार घटा बढ़ा देना चाहिये ।

इस प्रकार उदाहृत जातक का वर्ष प्रवेश संवत् २०११ शक १८७६ श्रावण शुक्ल १४ शुक्रवार से दिन इष्ट ३६।२४ पर हुआ । अर्थात् इस दिन ४७ वें वर्ष का प्रारम्भ हुआ तथा ४६ वर्ष गत हुए ।

जन्म लग्न **वर्ष लग्न**





ल.
११
२२
३३
५७

जातक का जन्म अमदाबाद (गुजरात) का है। अतः ग्रह तथा लग्नादि साधन उसी स्थान के संबंध से किया गया है। ग्रह तथा लग्नादि भाव जन्म की तरह स्पष्ट करने चाहिये।

वर्ष प्रवेश कालिक स्पष्ट ग्रह

र.	च	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	रा.
३	९	८	३	२	९	६	८
२६	१७	११	१९	२६	११	१२	२९
४४	१५	१७	४७	२६	३१	९	३४
२२	३९	१०	४४	१५	४३	५२	२७

वर्ष में भी चलित नवमांश आदि का साधन करना चाहिए। यहाँ पर विस्तार के भय से द्वादश भाव चलित तथा नवमांशादि नहीं दिए हैं।

मुंथा विचार

स्वजन्मलग्नात्प्रतिवर्षमेकैकराशिभोगान्मुथहा क्रमोऽतः।
स्वजन्मलग्नं रवितष्टयातं गताब्दयुक्तं भमुथैहा स्यात्॥

मुंथहा को जन्मलग्न माना जा सकता है। अर्थात् जन्म के प्रथम वर्ष में लग्न ही मुंथहा होती है। और प्रति वर्ष एक २ राशि बढ़ती है। अतः गत वर्ष संख्या में जन्मलग्न जोड़ने से मुंथहा की वर्तमान राशि होगी। यदि १२ से अधिक हो तो १२ का भाग देकर शेष मुंथहा की राशि होगी। मुंथहा जिस राशि में हो उसी राशि में ग्रहों की तरह वर्ष लग्न चक्र में रखनी चाहिये। इस से भी फल विचार किया जाता है।

उदाहरणः—गत वर्ष ४६ जन्म लग्न १।६॥ ४६+१।६ = ४७।६॥४७ यह १२ से अधिक है, अतः १२ से भागने पर शेष ११।६ मुंथहा हुई। अर्थात् मुंथहा मीन राशि पर है। यह वर्षारंभ की मुंथहा होगी। मुंथहा की दैनिक गति

५ कला है तथा मासिक गति २ अंश ३० कला रहती है। अतः मासिक कुंडली के लिये २/३० अंशादि गति प्रति मास में बढ़ाने से प्रति मास की मुंथहा होगी।

ग्रहों का बल विचार

ग्रहों का हर्ष बल, पंचवर्गी बल तथा बृहद्द्वादशवर्गी बल निकाला जाता है। यहाँ पर हर्ष बल तथा पंचवर्गी बल का साधन दिखाया जायगा।

हर्ष बल

नंदत्रिषड्लग्नभवर्क्षपुत्रा व्यया इनाद्धर्षपदं स्वभोच्चे।

त्रिभं त्रिभं लग्नभतः क्रमेण स्त्रीणां नृणां रात्रिदिने च तेषाम्॥

हर्ष बल ५ माना जाता है। अतः जो ग्रह हर्षित होगा उसका ५ बल मिलेगा। हर्षस्थान चार हैं।

प्रथम हर्षस्थान :—वर्ष कुंडली में लग्न से ९ स्थान में सूर्य, ३ में चन्द्र, ६ में मंगल, १ में बुध, ११ में गुरु, ५ में शुक्र तथा १२ में शनि हर्षित होते हैं।

द्वितीय हर्षस्थान :—प्रत्येक ग्रह अपनी राशि तथा उच्च राशि में हर्षित होते हैं।

तृतीय हर्षस्थान :—लग्न से तृतीय (१ से ३) तथा सप्तम से नवम (७ से ९) स्थान में स्त्री ग्रह हर्षित होते हैं। और चतुर्थ से षष्ठ (४ से ६) तथा दशम से द्वादश (१० से १२) स्थान में पुरुष ग्रह हर्षित होते हैं। चन्द्र, बुध, शुक्र तथा शनि स्त्री ग्रह हैं। और सूर्य, मंगल तथा गुरु पुरुष ग्रह हैं।

चतुर्थ हर्षस्थान :—दिन में वर्ष प्रवेश हो तो पुरुष ग्रह तथा रात्रि में वर्ष प्रवेश हो तो स्त्री ग्रह हर्षित होते हैं।

इन चार स्थानों से प्राप्त बल के योग को हर्ष बल कहते हैं।

उदाहरण :—सूर्य वर्ष लग्न से ९ में नहीं है, अतः प्रथम बल नहीं मिला। सूर्य स्वराशि या उच्च राशि में नहीं है, अतः दूसरा बल नहीं मिला। सूर्य ५ में है, अतः तीसरा बल मिला। और रात्रि में वर्ष प्रवेश होने के कारण पुरुष ग्रह सूर्य को बल नहीं मिला। यहाँ सूर्य को चार स्थानों में केवल एक स्थान का ही बल मिला। अतः सूर्य का हर्ष बल ५ हुआ। इस प्रकार अन्य ग्रहों का भी समझना चाहिये। पूर्वोक्त नियमानुसार प्राप्त हर्ष बल नीचे कोष्ठक में दिया जाता है।

अथ हर्षबलम्

र.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	ग्र.
०	०	०	०	०	०	०	१
०	०	०	०	०	०	५	२
५	०	५	०	५	५	५	३
०	५	०	५	०	५	५	४
५	५	५	५	५	१०	१५	यो.

ग्रहमैत्री

ताजिक मैत्री जातक मैत्री से भिन्न होती है। इसमें तात्कालिक परिस्थितवश मित्रामित्र बदलते रहते हैं। अपने से ३।५।९।११ इन स्थानों में रहनेवाला दूसरा ग्रह मित्र होता है। अपने स्थान से २।६।८।१२ इन स्थानों में रहने वाला अन्यग्रह सम तथा १।४।७।१० इन स्थानों में रहने वाला शत्रु होता है।

उदाहरणः—सूर्य से ३ शुक्र है। अतः शुक्र सूर्य का मित्र होगा। सूर्य से ६ में मंगल तथा १२ में गुरु है। अतः मंगल तथा गुरु सूर्य के सम है। और सूर्य के साथ रहने वाला बुध, चतुर्थ शनि तथा सप्तम चंद्र ये सूर्य के शत्रु हैं। इस प्रकार अन्य ग्रहों का भी समझना चाहिए।

मैत्री चक्र

मित्र	सम	शत्रु
३	२	१
५	६	४
९	८	७
११	१२	१०

प्रकृत उदाहरण के अनुसार मित्रामित्र का चक्र

र.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	ग्र.
शु.	श.	श.	शु.	श.	चं. र. बु.	मं. बृ.	मित्र
मं. बृ.	मं. बृ.	चं. र. बु.	मं. बृ.	र. बु. चं.	श.	शु.	सम
बु. श. चं.	र. बु. श.	बृ. शु.	बु. श. चं.	श. मं.	मं. बृ.	र. बु. चं.	शत्रु

पंच वर्गीबल

ग्रह बल, उच्चबल, हद्दाबल, द्रेष्काणबल तथा नवमांशबल के संयोग से पञ्चवर्गी बल बनता है। उसका पृथक् पृथक् साधन किया जाता है।

गृहबल—वर्ष कुण्डली में जो ग्रह अपनी राशि में होगा उसका ३०।० बल मित्र राशि में २२।३० समराशि में १५।० तथा शत्रुराशि में ७।३० बल मिलता है।

पंचवर्गी बल कोष्ठक

	स्व गृह बल	हद्दा बल	द्रेष्काण बल	नवमांश बल
अपने घर में	३०।०	१५।०	१०।०	५।०
मित्र घर में	२२।३०	११।१५	७।३०	३।४५
सम घर में	१५।०	७।३०	५।०	२।३०
शत्रु घर में	७।३०	३।४५	२।३०	१।१५

उदाहरण :—सूर्य वर्ष कुण्डली में चन्द्र के घर में हैं। चन्द्र सूर्य का शत्रु है। अतः शत्रु घर में सूर्य को ७।३० बल मिला।

उच्च बल :—जिस ग्रह का उच्चबल लाना हो उस ग्रह में उसकी नीच राशि तथा अंश घटा देना चाहिए। यदि शेष ६ से अधिक हो तो उसे १२ में घटाकर शेष राशि अंश के अंश बनाकर उसमें ९ का भाग देने से उच्चबल आता है।

ग्रहों का उच्च नीच चक्र

सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	
०	१	९	५	३	११	६	उच्च
१०	३	२८	१५	५	२७	२०	
६	७	३	११	९	५	०	नीच
१०	३	२८	१५	५	२७	२०	

उदाहरण :—सूर्य ३।२६।४४।२२ में उसका नीच ६।१० घटाने से शेष ९।१६। ४४।२२ यह हुआ। सूर्य का शेष ६ राशि से अधिक है उसे १२ में घटाने से १२–(९। १६।४४।२२)=२।१३।१५।३८ अंशादि ७३। १५।३८ में ९ का भाग देने से लब्ध ८।८।२४ फल सूर्य का उच्च बल हुआ। इसी प्रकार अन्य ग्रहों का भी साधना चाहिये।

हद्दाबल :—प्रत्येक राशि के ५ भाग माने गये हैं, परन्तु वे एक समान नहीं है। और वे खंड १२ राशियों के भिन्न हैं। उनका स्पष्टीकरण कोष्टक में किया गया है।

अथात्र हद्दाचक्रमिदम् ।

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मो.	रा.
६	८	६	७	६	७	६	७	१२	७	७	१२	अं.
बृ.	शु.	बु.	मं.	बृ.	बु.	श.	मं.	बृ.	बु.	शु.	शु.	स्वा.
६	६	६	६	५	१०	८	४	५	७	६	४	अं.
शु.	बु.	शु.	शु.	शु.	शु.	बु.	शु.	शु	बृ.	बु.	बृ.	स्वा.
८	८	५	६	७	४	७	८	४	८	७	३	अं.
बु.	बृ.	बृ.	बु.	श.	.	बृ.	बु.	बु.	शु.	बृ.	बु.	स्वा.
५	५	७	७	६	७	७	५	५	४	५	९	अं.
मं.	श.	मं.	बृ	बु.	मं.	शु	गु.	मं.	श.	मं.	मं.	स्वा.
५	३	६	४	६	२	२	६	४	४	५	२	अं.
श.	मं.	श.	श.	मं.	श.	मं.	श.	श.	मं.	श.	श	स्वा.

कोष्ठक में मेष राशि के पाँच खण्ड ६,६,८,५,५, ये हैं। इनमें पहले खण्ड के ६ अंश का स्वामी गुरु, दूसरे खण्ड के ६ अंश का स्वामी शुक्र, तीसरे खण्ड के ८ अंश का स्वामी बुध, चौथे खण्ड के ५ अंश का स्वामी मंगल तथा छठवें खण्ड के ५ अंश का स्वामी शनि है। इसी प्रकार अन्य राशि के खण्डों के स्वामी समझ लेने चाहिये।

उदाहरण :—सूर्य ३।२६।४४।२२ है। यह कर्क राशि के पाँचवे खण्ड में है। इसका स्वामी शनि है। अतः सूर्य शनि की हद्दा में शत्रु क्षेत्री हुआ। इसका बल ३।४५ यह है। इसी प्रकार अन्य ग्रहों का भी समझें।

द्रेष्काण बल

आद्याः कुजाद्या रवितोऽपि मध्यमाः।
सिताच्तृतीयाः क्रियतो दृक्काणपाः॥

जन्म के षड्वर्ग के अन्तर्गत द्रेष्काण से यह द्रेष्काण भिन्न है। अर्थात् एक राशि के तीसरे भाग को द्रेष्काण कहते हैं; परन्तु उनके खण्ड स्वामी जन्म के द्रेष्काण से भिन्न होते हैं। यहाँ पर मेषादि १२ राशियों के प्रथम खण्ड (१–१० अंश) के स्वामी मंगल प्रभृति ग्रह होंगे। दूसरे खण्ड (११–२० अंश) के स्वामी रवि प्रभृति ग्रह होंगे। तथा मेषादि राशियों के तीसरे खण्ड (२१-३० अंश) के स्वामी शुक्र प्रभृति ग्रह होंगे। इसका स्पष्टीकरण कोष्ठक में दिया गया है।

द्रेष्काणमिदम्

राशयः	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कु.	मो.
प्र. द्रे. स्वा. १–१०	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	र.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.
द्वि. द्रे. स्वा. ११–२०	र.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	र.	चं.	मं.	बु.	बृ.
तृ. द्रे. स्वा. २१–३०	शु.	श.	र.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	र.	चं.	मं.

सूर्य ३।२६।४४।२२। यह कर्क के तीसरे खण्ड में चन्द्र के द्रेष्काण में पड़ा। चन्द्र सूर्य का शत्रु स्थान है। अतः सूर्य का द्रेष्काणबल २।३० हुआ। द्रेष्काण को ही दृक्काण कहते हैं। इसी प्रकार अन्य ग्रहों का भी समझना चाहिए।

नवमांशबल :—नवमांश की गणना जन्म की तरह ही होती है। इसके बल का विवेचन कोष्ठक में पहले दिया गया है।

उदाहरण:—सूर्य ३।२६।४४।२२ है। यह कर्क के अन्तिम नवमांश मीन में समक्षेत्र का है। अतः सूर्य का नवमांशबल २।३० प्राप्त हुआ। इसी प्रकार अन्य ग्रहों का भी समझना चाहिये।

प्रकृत उदाहरण के अनुसार पंचवर्गी बल बोधक चक्र दिया जाता है। उससे इस विषय का ज्ञान सरलता से हो जायगा। ५ स्थानों से प्राप्तबल के योग में ४ का भाग देने से विंशोपक बल होता है। उसमें ५ विंशोपकबल से अल्प बलवाला ग्रह हीनवीर्य, ५ से अधिक बलवाला मध्यवीर्य तथा १० से अधिक बलवाला ग्रह बली कहलाता है!

पंचवर्गी बल बोधक चक्र

	सूर्य			चंद्र			मंगल			बुध			गुरु			शुक्र			शनि		
गृहबल	७	३०		७	३०		७	३०		७	३०		१५	०		२२	३०		१५	०	
उच्चबल	८	८	२४	८	१५	४	१४	४८	३४	१३	५१	५८	१९	२	५५	१	४३	८	१६	७	४
हद्दाबल	३	४५		११	५५		३	४५		७	३०		११	५५		१५	०		११	५५	
द्रेष्काणब.	२	३०		५	०		५	०		१०	०		५	०		१०	०		१०	०	
नवांशबल	२	३०		१	१५		२	३०		२	३०		२	३०		१	१५		५	०	
सर्वबल	२४	२३	२४	३३	५५	४	३३	३३	३४	४१	२१	५८	५३	२७	५५	५०	२८	८	६१	२	४
४सेभाजि॰	६	५	५१	८	२८	४६	८	२३	२३	१०	२०	३०	१३	२१	५९	१२	३७	२	१५	१५	४
बल भेद	मध्यबली			मध्यबली			मध्यबली			बली			बली			बली			बली		

दृष्टि साधनः—अपने स्थान से ६।५ स्थान पर प्रत्यक्ष स्नेह देने वाली ४५ कलात्मक दृष्टि रहती है। यह सर्वकार्य को साधने वाली मेलापक दृष्टि कहलाती है। अपनी राशि से ३।११ वी राशि पर गुप्त स्नेह वाली तथा कार्य को सिद्ध करने वाली दृष्टि रहती है। यह दृष्टि ३ री राशि पर ४० कला तथा ११ वीं राशि पर १० कला की रहती है। अपनी राशि से ४।१० वी राशि पर गुप्त शत्रु भाव वाली १५ कला की दृष्टि रहती है। एक दूसरे से सप्तम राशि पर तथा एक साथ रहने वाले ग्रह की पूर्ण ६० कला की प्रत्यक्ष वैर वाली दृष्टि रहती है। ये अन्तिम की तीन दृष्टियां क्षुत् दृष्टियां कहलाती है तथा कार्य का नाश करने वाली एवं कलहादि को उत्पन्न करती हैं। परन्तु दोनों ग्रहों का अन्तर १२ अंश से अल्प रहने पर दृष्टि का फलाफल होता है। अन्यथा कम प्रभाव पड़ता है।

दोनों ग्रहों के राश्यन्तर पर से दृष्टि जानने के लिये चक्र दिया गया है। अपने से ९ वा ५ स्थान पर ४५ कला की दृष्टि रहती है। अपने से ९ वी वा ५ वी राशि का अन्तर ८ वा ४ होगा। अतः ८ तथा ४ राशि के नीचे ४५ कला दृष्टि लिखी गई है। इसी प्रकार अन्य भी दृष्टियाँ समझनी चाहिये।

दृष्टि चक्र

राशि शेष संख्या	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
दृष्टि कला	०	४०	१५	४५	०	६०	०	४५	१५	१०	०	६०

प्रकृत उदाहरण के अनुसार ग्रहों का दृष्टि चक्र

र.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.
०	०	०	०	०	०	०
४५	४०	१५	४५	१५	६०	०

त्रिराशि पति

त्रिराशिपाः सूर्यसितार्किशुक्रा दिने निशीज्येन्दुबुधक्षमाजाः।
मेषाच्चतुर्णां हरिभाद्विलोमं नित्यं परेज्वार्किकुजेज्यचन्द्राः॥

दिन में वर्ष प्रवेश हो तो मेषादि लग्नों के स्वामी तथा रात्रि में वर्ष प्रवेश हो तो मेषादि लग्नों के स्वामी कोष्ठक में दिये गये हैं।

त्रिराशि पति का कोष्टक

राशि	मे. १	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	मी. १२
दिवा पति	र.	शु.	श.	शु	बृ.	चं.	बु.	मं	श.	मं.	बृ.	चं.
रात्रि पति	बृ.	चं.	बु.	मं.	र.	शु.	श.	शु.	श.	मं.	बृ.	चं.

प्रकृत उदाहरण में वर्ष लग्न १२ है तथा वर्ष प्रवेश रात में हुआ है। अतः त्रिराशिपति चन्द्र हुआ।

इस कोष्ठक में धनु से चार राशियों के त्रिराशि पति समान हैं। मेष राशि का दिन में सूर्य रात्रि में गुरु है। वृषभ राशि का दिन में शुक्र रात्रि में चन्द्र है। इसी प्रकार अन्य राशियों का भी त्रिराशिपति समझना चाहिये।

पंचेश विचार

जन्मलग्नपतिरब्दलग्नपो मुंथहाधिप इतस्त्रिराशिपः।
सूर्यराशिपतिरह्नि चन्द्रभाधीश्वरो निशि विमृश्य पञ्चकम्॥

पंचाधिकारी पाँच होते हैं। जन्म लग्न स्वामी, वर्ष लग्न स्वामी मुंथहा स्वामी, त्रिराशिपति, दिन में जन्म हो तो सूर्य जिस राशि पर हो उस राशि का स्वामी, और रात्रि में जन्म हो तो चन्द्र जिस राशि पर हो उस राशि का स्वामी। ये पांच ग्रह पंचाधिकारी माने जाते हैं।

प्रकृत उदाहरण में जन्म लग्न पति शुक्र, वर्ष लग्न पति गुरु, मुंथहाधिपति गुरु, त्रिराशिपति पूर्वसाधित चन्द्र, रात्रि में वर्ष प्रवेश है, अतः चन्द्र राशि पति शनि ये पांच पंचाधिकारी।

प्रकृत उदाहरण के अनुसार पंचाधिकारी

जन्म लग्न पति	वर्ष ल: पति	मुंथेश	त्रिराशि पति	राशिपति
शुक्र	गुरु	गुरु	चन्द्र	शनि

वर्षेश निर्णय

बलीय एषां तनुमीक्षमाणस्स वर्षपो लग्नमनीक्षमाणः।
नैवाब्दपो दृष्ट्यतिरेकतः स्याद्बलस्य साम्ये विदुरेवमार्याः॥
दृगादिसाम्येऽप्यथ निर्बलत्वे वर्षाधिपः स्यान्मुथहेश्वरस्तु।
पंचापि नो चेत्तनुमीक्षमाणा वीर्याधिकोऽब्दस्य विभुर्विचिन्त्यः॥

उपरोक्त पंचाधिकारियों में जो सब से अधिक बलवान् होकर लग्न को देखता हो वह वर्षेश कहलाता है। यदि बली होने पर भी लग्न को न देखता हो तो वर्षेश नहीं होगा। समान बली ग्रहों में जो लग्न को अधिक दृष्टि से देखता हो वह वर्षेश होगा। लग्न को देखने वाले ग्रहों का बल अल्प हो तो मुंथेश (मुंथा की राशि का स्वामी) वर्षेश होगा। यदि पंचाधिकारी में कोई भी ग्रह लग्न को न देखता हो तो जो ग्रह सब से बली होगा वही वर्षेश माना जायगा।

वर्षेश निर्णय में दूसरा मतः—बल की समता रहने पर दिन में रविराशिपति तथा रात्रि में चन्द्र राशिपति वर्षेश किसी के मत से होते हैं। अथवा पूर्वोक्त नियमानुसार यदि चन्द्र वर्षेश हुआ और वह पंचाधिकारियों में से किसी से इत्थशाल करता हो तो जिससे इत्थशाल किया हो वह वर्षेश होगा। यदि इत्थशाल नहीं करता हो तो चन्द्र राशि स्वामी वर्षेश होगा।

प्रकृत उदाहरण में पंचाधिकारियों में शनि विशेष बलवान् है, परन्तु उस की दृष्टि लग्न पर नहीं है। अतः वर्षेश नहीं होगा। तदनन्तर गुरु बलवान् है, अतः गुरु वर्षेश होगा।

दीप्तांश विचार

सूर्यादि ग्रह अपने से नियत अंश के अन्दर रहने वाले ग्रह को अपना तेज देते हैं। इसी को दीप्तांश कहते है। जैसे सूर्य अपने से अधिष्ठित अंश से आगे १५ अंश के भीतर रहने वाले ग्रह को अपना तेज देता है। वैसे अन्य ग्रह भी। इसका स्पष्टीकरण कोष्ठक में दिया गया है।

दीप्तांश चक्र

र.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु	श.	ग्रह
१५	१२	८	७	९	७	९	दीप्तांश

इत्थशाल योग

शीघ्रगति ग्रह से मन्दगति ग्रह आगे हो, दोनों के अंशान्तर १२ से कम या दीप्तांश के अन्दर हो और परस्पर देखते हों तो इत्थशाल योग होता है। यह एक राशि में स्थित दोनों से अथवा भिन्न राशि स्थित ग्रहों से भी होता है। केवल उपर निर्दिष्ट स्थिति रहनी चाहिये। इत्थशाल को ही मुथशिल योग कहते हैं। यह शुभ है।


मूसरिफ योग

इत्थशाल योग की विपरीत स्थिति को मूसरिफ योग कहते हैं। अर्थात् मन्दगति ग्रह से शीघ्रगति ग्रह आगे हो तथा अन्य स्थिति सब इत्थशाल की हो तो मूसरिफ योग होता है। यह अशुभ है। इसी को ईशराफ भी कहते हैं।

नक्त योग

यदि लग्नाधीश तथा कार्याधीश में दृष्टि संबंध न हो। ऐसी दशा में कोई अन्य शीघ्रगति ग्रह लग्नाधीश तथा कार्याधीश से दृष्टि संबंध करता हो तो वह शीघ्रगतिग्रह अल्पांश वाले का तेज अधिकांश वाले को देता है। इस तरह अन्य ग्रह द्वारा संबंध कराने पर नक्त योग बनता है।

नक्त योग के स्पष्टीकरण के लिये उदाहरण।



स्त्री लाभ का प्रश्न है। लग्नेश बुध तथा सप्तमेश गुरु का दृष्टि संबंध नहीं है। परन्तु चन्द्र से दोनों का दृष्टि संबंध है। अतः चन्द्र द्वारा लग्नाधीश कार्याधीश का संबंध होने से नक्त योग हुआ। अतः स्त्री की प्राप्ति अन्य द्वारा होगी। चन्द्र ८।८ वा १।८ बुध ४।२० गुरु ११।१२ इस योग में दीप्तांश का ध्यान रखना चहिये। तथा अन्य ग्रह लग्नाधीश से शीघ्र गति वाला होना चाहिये।

सहम विचार

पृच्छक (प्रश्नकर्ता) अपने जीवन के संबंध में अनेक प्रकार के प्रश्न करते हैं उनका उत्तर देने में विचार करना पड़ता है। अतः शास्त्रकारों ने ऐसे विचित्र प्रश्नों का उत्तर सरलता तथा उपयुक्त रीति से देने के लिये एक नया मार्ग प्रशस्त कर दिया है। जिससे बिना किसी संशय के प्रश्नकर्ता के प्रश्न का समुचित उत्तर मिल जाता है। वह है सहम। इसी मार्ग का पाश्चात्यों

ने भी कुछ अंशों में अनुसरण किया है। उन्होंने भाग्य नामक (The star of fortune) एक अन्य ग्रह का साधन कर फल विचार किया है। यह हमारे यहाँ पुण्य सहम से प्रसिद्ध है। सहम संख्या के विषय में हमारे यहाँ अनेक मत हैं। किसी के मत से ३२ वा ३६ है। यवनाचार्य के मत से ५०, समरसिंह के मत से ४८ तथा अन्य आचार्य इससे भी अधिक मानते हैं। अस्तु। यहाँ पर कुछ उपयोगी सहमों का साधन प्रकार दिया जाता है।

पुण्य सहम—दिन में वर्ष प्रवेश हो तो स्पष्ट चन्द्र में स्पष्ट सूर्य को को घटाकर उसमें स्पष्ट लग्न जोड़ने से राश्यात्मक पुण्य सहम होगा।

जिसमें घटाया जाता है वह वियोज्य तथा जिसको घटाया जाता है वह वियोजक कहलाता है। यदि लग्न वियोजक की राशि से वियोज्य की राशि के अन्तर्गत आ पड़े तो एक अंक को वियोज्य वियोजक के अन्तर में नहीं जोड़ना चाहिये। यदि न पड़े तो अन्तर में एक अंक जोड़ना चाहिये। यही प्रकार सर्वत्र अन्तर में जोड़ने के विषय में समझना चाहिये।


सहम साधन की सरलता के लिये कोष्टक दिया जाता है। सहम साधन में दिन तथा रात्रि के संबंध से भेद है। वह भी अलग २ दिया गया है।

सहम कोष्टक

सहम	दिन में	रात्रि में	सहम	दिन में	रात्रि में
पुण्य	चं–सु + ल	सू–चं + ल	संतान	गु–बु + ल	बु–गु + ल
गुरु	सू–चं + ल	चं–सू + ल	व्यापार	मं–बु + ल	मं–बु + ल
यश	गु–पु + ल	पु–गु + ल	शत्रु	मं–श + ल	श–मं + ल
भ्राता	गु–श + ल	गु–श + ल	बन्धन	पु–श + ल	श–पु + ल
विवाह	शु–श + ल	शु–श + ल	गौरव	गु–चं + सू	गु–चं + सू
कार्य.सि.	श–सू+सू.प	श–चं+चं.प	तात	श–सू + ल	सू–श + ल
माता.जल	चं–शु + ल	शु–चं + ल	धन	द्वि–द्विप.+ल	द्वि–द्विप.+ल
पुत्र	गु–चं + ल	गु–चं + ल	अन्य स्त्री	शु–सू + ल	शु–सू + ल
विदेश	धर्म–ध प+ल	धर्म–ध प+ल	मृत्यु	अष्टम–चं+श	अष्टम–चं+श

उदाहरणः—वर्ष प्रवेश रात्रि में हैं। अतः रात्रि में पुण्य सहम साधन करने के लिए सू–चं + ल करना चाहिये। तदनुसार (३।२६।४४।२२)–(६।-१७।१५।३९)+ (११।२२।३३।५७) = ६।६।२८।४३ + ११।२२।३३।५७ = ६।२।२।४० यहाँ चन्द्र से सूर्य तक के अन्तर में लग्न पड़ता है। अतः एक अंक नहीं जोड़ा जायगा। इसलिये पुण्य सहम ६।२।२।४० राश्यादि हुआ। इसी प्रकार अन्य सहम का भी साधन करना चाहिए। सहम की जो राशि हो उसी राशि में सहम वर्ष कुण्डली में ग्रह की तरह रख कर फलाफल विचार किया जाता है।

त्रिपताकि चक्र



अभीष्ट वर्ष में शारीरिक अरिष्ट जानने के लिए इस चक्र की कल्पना की गई है। इस चक्र की रचना इस प्रकार की जाती है। खड़ी तथा तिरछी तीन २ रेखाएँ खींचकर खड़ी तथा तिरछी रेखाओं के अग्र को मिलाने वाली अन्य रेखा खींचने से निर्दिष्ट चक्र बनता है। इसमें मध्य रेखा के ऊर्ध्व भाग पर वर्ष लग्न को रखकर अन्य रेखाओं के अग्र पर अन्य राशियों को क्रम से रखनी चाहिये। तदनन्तर गतवर्ष संख्या में एक जोड़कर ९ से भागने पर शेष राशि तुल्य स्थान अपनी राशि से जन्म के चन्द्र को आगे बढ़ा कर त्रिपताकि चक्र में रखना चाहिये। इसी प्रकार एकाधिक गत वर्ष संख्या में ४ का भाग देने से शेष संख्यातुल्य स्थान अपनी राशि (जन्म कुण्डली में जिस राशि में जो ग्रह है उस राशि) से जन्म के ग्रह आगे बढ़ा कर त्रिपताकि चक्र में रखने चाहिये। इस प्रकार जन्म के ग्रह इस चक्र में रखने से त्रिपताकि चक्र बनता है। राहु केतु को आगे न बढ़ाकर पीछे हटाना चाहिये।

उदाहरणः—गत वर्ष ४६ में एक मिलाया तब ४७ हुये। उसमें ९ का भाग देने पर शेष २ प्राप्त हुआ। जन्म कुण्डली में चन्द्र ११ पर है उसे

अपने स्थान से २ स्थान आगे बढ़ाया तब १२ का चन्द्र हुआ। और ४७ को ४ से भागने पर शेष ३ रहा। चन्द्र को छोड़ ओर ग्रहों को ३ स्थान आगे बढ़ाने से जन्म के ४ राशि के सूर्य बुध ६ राशि में ३ राशि का शुक्र ५ राशि में, ३ राशि का राहु १ राशि में,५ राशि के मंगल गुरु ७ राशि में, १२ राशि का शनि २ राशि में तथा ९ राशि का केतु ७ राशि में त्रिपताकि चक्र मं रखने चाहिये।

त्रिपताकि चक्र का उपयोग—इस चक्र में चन्द्र जिन रेखाओं के अग्र में है उन रेखाओं के दूसरे अग्र में रहने वाले ग्रह से उसका वेध होता है। यहाँ पर चन्द्र का वेध सूर्य, बुध से हो रहा है। वेध कर्ता शुभाशुभ ग्रहों के अनुसार फल का विचार किया गया है।

मुद्दादशा

